हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## हॉस्टल में मौजूद थे 50 से 60 डॉक्टर्स

## 24 शव मिले

- क्रैश के बाद प्लेन का पिछला हिस्सा हॉस्टल बिल्डिंग पर गिरा



## अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान क्रैश

# बम की तरह फटा विमान

**गुजरात के पूर्व सीएम रूपाणी भी नहीं रहे**

**कई घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज**

**घटनास्थल पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री शाह**

## 12 क्रू मेंबर समेत 265 की मौत

### इन देशों के नागरिक थे सवार

- 169 भारतीय
- 1 कनाडाई
- 53 ब्रिटिश
- 7 पुर्तगाली

**एअर इंडिया का लंदन जा रहा एक विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 265 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हैं। इसमें 230 यात्री और 12 क्रू मेंबर्स समेत कुल 242 लोग सवार थे। इनमें एक यात्री की जान बच गई। इसी विमान में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी सवार थे, जिनकी मौत की पुष्टि गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल ने कर दी है।**

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

विमान में सवार 230 यात्रियों में से 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक थे। पुलिस उपायुक्त कानन देसाई ने संवाददाताओं से कहा, हमें प्राप्त संदेश के अनुसार 265 शव अस्पताल पहुंचाए जा चुके हैं। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्थिति का जायजा लेने के लिए अहमदाबाद पहुंच गए हैं।

जानकारी के अनुसार बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान को उड़ान भरने के तुरंत बाद एकदम तेजी से नीचे आया और यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटनास्थल पर काले धुएं का गुबार उठता देखा गया। यह विमान 11 साल पुराना था। लंबी यात्रा के लिए ईंधन टंकी पूरी तरह से भरी रहने का उल्लेख करते हुए विमानन विशेषज्ञों ने बताया कि विमान नीचे गिरने से पहले महज 600 से 800 फुट की ऊंचाई पर गया था। उन्होंने कहा कि उपलब्ध वीडियो फुटेज के अनुसार, दोनों इंजन का पूरी क्षमता से काम न करना या पक्षी का टकराना दुर्घटना के संभावित कारणों में से एक हो सकता है। टेलीविजन पर प्रसारित फुटेज में देखा जा सकता है कि विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद नीचे की ओर आया, जबकि उसका लैंडिंग गियर (पहिया) अब भी बाहर निकला हुआ था। नागर विमानन महानिदेशालय के एक बयान के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से ▶▶| शेष पेज 7 पर

**1:10 बजे**
दोपहर, बोर्डिंग पूरी टेकऑफ की तैयारी

**1.38 बजे**
टेक ऑफ से पहले रनवे के बीच में था विमान

**1.40 बजे**
प्लेन रनवे के आखिरी हिस्से में गिरा

### प्लेन हॉस्टल बिल्डिंग से टकराया


अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन सिविल हॉस्पिटल के हॉस्टल की 4 बिल्डिंग से टकराया था। जिनमें रेजिडेंट डॉक्टर रहते थे। घटना के दौरान हॉस्टल में 50 से 60 इंटर्न डॉक्टर्स मौजूद थे। ज्यादातर मेस में लंच कर रहे थे। धमाके का असर इतना ज्यादा था कि अंदर मौजूद डॉक्टरों के शव भी टुकड़ों में बिखर गए। यहां से छह शव निकाले जा चुके हैं। विमान में आग लगने से उठे धुएं से हॉस्टल की बिल्डिंग पूरी तरह काली पड़ गई है। हर तरफ सिर्फ मलबा पड़ा है। हॉस्टल खंडहर जैसा हो गया है। करीब 50 डॉक्टर्स घायल हुए हैं। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### दूसरी मंजिल से कूद कर बचाई जान

रमीला नाम की एक महिला ने बताया कि उनका बेटा जब हॉस्टल में खाना खाने गया था, तभी यह विमान क्रैश हुआ। उन्होंने कहा, मेरा बेटा सुरक्षित है और मेरी उससे बात हुई है। उसने दूसरी मंजिल से कूद कर अपनी जान बचाई। इसलिए उसे कुछ चोटें आई हैं।

### सातवीं मंजिल से कूदने लगे लोग

स्थानीय पार्षद ने बताया कि जब वहां धमाका हुआ तो हम तुरंत मौके पर पहुंचे। हमारा ऑफिस बगल में ही है। हादसे के बाद तुरंत फोन आने शुरू हो गए और हम लोग घटनास्थल के लिए भागे। वहां देखा कि जिस इमारत ▶▶| शेष पेज 7 पर



### हादसे का ऐसा असर

- दिल्ली से अहमदाबाद जाने वाली सभी फ्लाइट कैंसिल
- रायपुर और भोपाल से अहमदाबाद की उड़ानें रद्द
- अमेरिकी शेयर बाजार में बोइंग के शेयरों में 9 फीसदी की गिरावट देखी गई।



### हो गया करिश्मा

## बच गई जान



अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। हादसे में केवल एक यात्री के जिंदा बचने की बात आई है। बाकी सभी लोगों की मौत हो गई है। प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार प्लेन की 11-ए नंबर की सीट पर बैठे थे। रमेश विश्वास ने कहा कि हादसे के बाद जोरदार धमाका हुआ, चारों तरफ आग की लपटें थीं। मुझे एंबुलेंस के जरिए अस्पताल लाया गया. मुझे भरोसा नहीं होता कि मैं जीवित हूं, ये किसी करिश्मे से कम नहीं है।

### ऐसी तैयारी

## डीएनए की होगी जांच

मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि इस हादसे में कोई जीवित नहीं बचा है। उधर, मृतकों की शिनाख्त के लिए उनके परिजनों के डीएनए सैंपल लिए जाएंगे। सरकार ने मामले में जांच के भी आदेश दे दिए हैं। भीषण विमान हादसे में अब अमेरिका की शीर्ष जांच एजेंसी नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड भारत की एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के साथ मिलकर इस हादसे की जांच करेगी।

## उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति

केंद्र सरकार एअर इंडिया विमान दुर्घटना के मद्देनजर विमानन सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति गठित करेगी। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) की ओर से निर्धारित अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुरूप विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने हादसे की औपचारिक जांच शुरू कर दी है।

### किसने क्या कहा

## पीएम ने कहा-स्तब्ध और दुखी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे हृदय विदारक है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।

## साय बोले- अत्यंत हृदयविदारक



सीएम विष्णु देव साय ने एक्स लिखा है कि, गुजरात के अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना की खबर अत्यंत हृदयविदारक है। इस भीषण दुर्घटना में मृत यात्रियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, परिजनों के दुख में सहभागी हूं। मुख्यमंत्री साय ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल और शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

## पत्नी और बेटी से मिलने लंदन जा रहे थे पूर्व सीएम रूपाणी



अहमदाबाद विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस दर्दनाक हादसे में 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों घायल हैं। इसी विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी सवार थे। जानकारी के मुताबिक, विजय रूपाणी की पत्नी अंजलि रूपाणी पिछले कई दिनों से लंदन में ही थीं और अब वह भी बेटी से मिलने के लिए जा रहे थे।

### खास बातें

- आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंच सकते हैं अहमदाबाद
- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जताया शोक, कहा- मदद को तैयारी

### मदद को आगे आए

- टाटा ग्रुप ने मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ देने का किया ऐलान
- वेस्टर्न रेलवे ने अहमदाबाद से अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का ऐलान किया

### पहली बार क्रैश हुआ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान

बोइंग 787 ड्रीमलाइनर को दुनिया के सबसे एडवांस विमानों में गिना जाता है। 787-8 वेरिएंट की पहली उड़ान 2009 में हुई थी और यह 242 यात्रियों के साथ 13,500 किमी से अधिक की दूरी तय कर सकता है। साल 2009 से अब तक इस विमान के दुर्घटना होने से किसी यात्री की मौत की खबर नहीं आई थी। इसकी बॉडी कार्बन फाइबर कंपोजिट से बनी होती है, जिससे यह हल्का और ईंधन की खपत में किफायती है। इसमें बड़ी डिमेबल विंडोज, बेहतर ह्यूमिडिटी और कम शोर वाला केबिन जैसे फीचर्स होते हैं।



# इंजन फेल, बर्ड हिटिंग या कुछ और...

**अहमदाबाद।** विशेषज्ञों का मानना है कि अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान के हादसे का शिकार होने का संभावित कारण दोनों इंजनों का फेल होना या उड़ान भरने के तुरंत बाद पक्षी का टकरा जाना हो सकता है। विमान में चालक दल सहित 242 लोग सवार थे। ड़े विमानों के तीन वरिष्ठ पायलट ने बताया कि इस दुर्घटना के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध वीडियो को देखने से ऐसा लगता है कि इंजन उड़ान भरने के लिए आवश्यक गतिबल (थ्रस्ट) नहीं जुटा पाए, जिसके परिणामस्वरूप उड़ान भरने के कुछ सेकंड बाद ही आवासीय क्षेत्र में भीषण दुर्घटना हो गई। ये तीनों पायलट प्रशिक्षण का कार्य भी करते हैं। अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरने वाले बोइंग 787-8 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के विशिष्ट कारणों का पता विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा विस्तृत जांच पूरी होने के बाद ही चलेगा। विशेषज्ञों ▶▶| शेष पेज 7 पर

### रेस्क्यू टीम से मिला एक ब्लैक बॉक्स



### हादसे के तीन कारण

- इस केस में ये असंभव माना जा रहा है कि ये हादसा विमान के इंजन फेल होने से हुआ होगा।
- दूसरा बड़ा कारण होता है बर्ड हिटिंग यानी कि अगर कोई चिड़िया या वस्तु विमान से टकरा गई तो प्लेन में आग लग जाती है और वो क्रैश हो जाता है, लेकिन जब ये विमान नीचे गिर रहा है तो इसमें कहीं ऐसा नहीं दिख रहा है कि उसमें आग लगी हो।
- हादसे का तीसरा कारण होता है टेक्निकल फॉल्ट यानी तकनीकी खामी। अब ये तकनीकी खामी कुछ भी हो सकती है।

### दिया गया था 'मेडे कॉल'

विमान नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) ने कहा कि उड़ान भरने के तुरंत बाद हवाई यातायात नियंत्रक को एक 'मेडे कॉल' दिया गया था, लेकिन उसके बाद हवाई यातायात नियंत्रक की ओर से की गई कॉल का विमान से कोई जवाब नहीं मिला। डीजीसीए ने एक बयान में कहा, रनवे 23 से प्रस्थान करने के तुरंत बाद विमान हवाई अड्डे की परिधि के बाहर नीचे गिर गया। एक वीडियो संदेश में एअर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैम्पबेल विल्सन ने कहा, जांच में समय लगेगा लेकिन हम जितना कुछ कर सकते हैं, कर रहे हैं।

## शाह बोले-किसी को बचाने की गुंजाइश ही नहीं थी



इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी। शाह ने संवाददाताओं से कहा, विमान के अंदर 1.25 लाख लीटर ईंधन था। विमान गर्म हो गया था, इसलिए किसी को भी बचाने की गुंजाइश नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी के बाद पूरा देश गहरे सदमे में है। शाह ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, अधिकारी मृतकों की संख्या डीएनए की जांच और पीड़ितों की पहचान के बाद आधिकारिक तौर पर जारी करेंगे। शाह ने कहा, अच्छी खबर यह है कि दुर्घटना में एक व्यक्ति बच गया है और मैं उससे मिलने के बाद यहां आया हूं।


हादसे के बाद फैला धुआं

# दर्दनाक मंज़र

## अहमदाबाद प्लेन हादसा...हर तरफ अफरा तफरी









गेटविक एयरपोर्ट, लंदन पर चिंतित परिजन।

## बाल-बाल बचे यात्री ने किया था हादसे से पहले वीडियो पोस्ट

# विमान के उपकरण थे खराब



अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामले में हैरान करने वाले कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसे एक युवक ने एक्स पर पोस्ट किया है। आकाश वत्स नामक यूजर ने दावा किया है कि प्लेन के कुछ उपकरण खराब थे। वह इसी फ्लाइट से दिल्ली से अहमदाबाद लौटे थे। इस बीच उन्होंने फ्लाइट के खराब उपकरण की मोबाइल से वीडियो बना ली थी। आकाश ने एक चैनल से बताया कि मैं अपने पिता और एक रिश्तेदार के साथ फ्लाइट में सवार हुआ था। इस विमान में मैंने बार-बार टर्बुलेंस होते देखा। मुझे ये थोड़ा अनयूजवल लगा। वत्स ने बताया कि अगर हम ऊपर उड़ रहे होते हैं तो फ्लाइट आमतौर पर स्टेबल होती है लेकिन इस फ्लाइट में सबकुछ एक नॉर्मल फ्लाइट जैसा नहीं था। इसकी फ्लैप पोजीशन थोड़ी अनयूजवल थी।

## मौत का सफर

### लंदन में कार्यरत बांसवाड़ा के डॉक्टर की पत्नी, बच्चों सहित मौत




विमान हादसे में राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मृतक डॉक्टर का नाम प्रतीक जोशी है, जो लंदन में पेशे से डॉक्टर थे। वे पत्नी कोमी व्यास, जुड़वां बेटियां मिराया जोशी और प्रद्युत जोशी, बेटा नकुल जोशी के साथ यात्रा कर रहे थे। विमान हादसे से पहले ही पूरे परिवार ने एक सेल्फ ली थी जो आखिरी साबित हुई।

### शादी के 5 महीने बाद पति से मिलने जा रही थी लंदन

बालोतरा जिले के अराबा दुदावता गांव की खुशबू कंवर के लिए यह सफर एक नए जीवन की शुरुआत होने वाला था, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। खुशबू राजपुरोहित शादी के बाद पहली बार अपने पति से मिलने लंदन जा रही थी। वह अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया फ्लाइट हादसे का शिकार हो गई। खुशबू बालोतरा जिले के अराबा दुदावता गांव के मदनसिंह राजपुरोहित की बेटी हैं। उनका विवाह 18 जनवरी को खाराबैरा पुरोहितान, लूणी निवासी विपुल सिंह राजपुरोहित से हुआ था। विपुल लंदन में डॉक्टर हैं।



### गुड बाय इंडिया... भारत से अच्छी यादें लेकर जा रहा था ब्रिटिश



हादसे के शिकार लोगों में एक यात्री ब्रिटिश नागरिक जेमी रे मीक भी थे, जिनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि उन्होंने यह वीडियो अहमदाबाद एयरपोर्ट पर ही उड़ान भरने से थोड़ा पहले बनाया था और उसे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया था। मीक वीडियो में कहते हैं, 'हम हवाई अड्डे पर हैं और बस विमान में चढ़ रहे हैं। लंदन के लिए 10 घंटे की उड़ान पर अलविदा भारत।'

### पिता का बिजनेस संभालने किया एमबीए, भाई-बहन की एक साथ मौत

उदयपुर। अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे से उदयपुर भी दहल गया है। इस विमान में उदयपुर के चार स्थानीय सवार थे। इसमें उदयपुर के मार्बल व्यवसायी पिंकू मोदी के 24 साल के बेटे शुभ और 22 साल की बेटी शगुन मोदी सवार थीं। वहीं, रुंडेडा गांव के वर्दी चंद मेनारिया और प्रकाश मेनारिया भी अहमदाबाद से लंदन जा रहे थे। दोनों ने एमबीए की पढ़ाई पूरी की थी और अब पिता के कारोबार में हाथ बंटा रहे थे। जानकारी के अनुसार, दोनों भाई-बहन घूमने के उद्देश्य से लंदन जा रहे थे। उसी फ्लाइट में उदयपुर जिले के रुंडेडा गांव के रहने वाले वर्दी चंद मेनारिया और प्रकाश मेनारिया भी सवार थे। ये लंदन में शेफ थे।



# मृतक परिजनों को 1 करोड़

## विमान हादसे के बाद टाटा ग्रुप की बड़ी घोषणा

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अहमदाबाद में एअर इंडिया फ्लाइट 171 की भयावह दुर्घटना के बाद पूरे देश में शोक की लहर है। इस हादसे में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई. इस दुखद घड़ी में टाटा ग्रुप ने एक संवेदनशील और मानवीय पहल करते हुए पीड़ितों के परिवारों की मदद के लिए बड़ी घोषणा की है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि टाटा ग्रुप इस त्रासदी में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के परिवार को 1 करोड़ की सहायता राशि देगा। उन्होंने कहा, 'हम एअर इंडिया फ्लाइट 171 से जुड़ी इस दुखद घटना से गहरे दुखी हैं। इस क्षण की पीड़ा को शब्दों में बयां कर पाना असंभव है। हमारी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है और उन लोगों के साथ भी हैं जो घायल हुए हैं।' बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि टाटा ग्रुप सभी घायलों का संपूर्ण चिकित्सीय खर्च वहन करेगा और उन्हें हर आवश्यक देखभाल व समर्थन प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, हादसे में क्षतिग्रस्त बी. जे. मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स हॉस्टल के पुनर्निर्माण में भी टाटा ग्रुप सहायता करेगा। एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा ग्रुप इस असाधारण संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों और समुदायों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी जरूरतमंदों को आवश्यक मदद उपलब्ध कराई जाएगी और पीड़ितों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।




### टेकऑफ के दौरान हुआ हादसा

बता दें कि अहमदाबाद के मेघाणीनगर इलाके में गुरुवार दोपहर एक बड़ा विमान हादसा हो गया। . प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विमान बेहद नीची उड़ान भर रहा था और सीधे पांच मंजिला इमारतों से टकराया, जिससे उन इमारतों में आग लग गई. हादसे से आसपास की कई इमारतों को गंभीर नुकसान पहुंचा है और दर्जनों लोग घायल हुए हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। इस बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में क्रू मेंबर समेत कुल 242 लोग सवार थे. हादसे के वक्त दोपहर करीब 2 बजे का समय था और यह स्थल सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास ही स्थित है। कई लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है।

## विमान हादसे में मुआवजे को लेकर नियम?

आज के समय में विमान से सफर करना जितना सुविधाजनक है, उतना ही जोखिम भरा भी हो सकता है। किसी एक गलती की वजह से अनहोनी होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में एयरलाइंस कंपनियों और डीजीसीए की तरफ से कुछ सख्त नियम बनाए गए हैं। ताकि किसी आपात स्थिति में पीड़तिं के परिवारों को आर्थिक लाभ मिल सके। घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स के लिए ये नियम अलग-अलग है।

### 1.4 करोड़ का मुआवजा

अंतर्राष्ट्रीय उड़ान में मृत्यु या शारीरिक चोट की स्थिति में, भारत में परिचालन करने वाली एयरलाइनें मॉन्ट्रियल कन्वेंशन, 1999 के नियम से बंधी हैं, जो एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिस पर भारत ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इस कन्वेंशन के तहत 128,821 तक विशेष आहरण अधिकार (**SDR**) यानी प्रत्येक यात्री के लिए लगभग 1.4 करोड़ रुपये दिया जाता है। अगर यह साबित हो जाए कि एयरलाइन की गलती से यह एक्सीडेंट हुआ है तो यह मुआवजा और बढ़ सकता है। यह मुआवजा अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर लागू होता है, लेकिन नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (**DGCA**) के दिशानिर्देशों के अनुसार, भारतीय विमानन कंपनियां अक्सर घरेलू मार्गों के लिए भी समान कवरेज प्रदान कर सकती हैं। यह मुआवजा एअरलाइंस और इंश्योरेंस कंपनी की ओर से दिया जाता है।

## चश्मदीद ने बताया हादसे के बाद का खौफनाक मंजर



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद अभी भी बचाव अभियान जारी है। इस बीच हादसे के चश्मदीद ने बताया कि यहां पर जब मैं अपने ऑफिस से बाहर निकाला तो मैंने देखा एक जोर से आवाज आई। विंग की आवाज आई और उसके बाद फिर पूरे में धुआं ही धुआं हो गया, यहां पर भगदड़ मच गई। इसके बाद आकर देखा कि हादसा हो गया है। जब मैं अपने ऑफिस से बाहर निकाला तो मैं यहां आकर देखा कि हर तरफ मालवा बिखरा हुआ है, आग लगी हुई है, पूरा धुएं का गुबार है, कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। समझ में नहीं आ पा रहा था कि क्या है? उसके बाद पता चला कि यह विमान गिरा हुआ है। उसके बाद प्रशासन ने चारों तरफ से आकर राहत और बचाव कार्य करना शुरू किया।

## धमाके की तेज आवाज सुनाई दी : विधायक दर्शना



अहमदाबाद विधायक दर्शना वाघेला ने कहा मैं यही अपने ऑफिस में बैठी थी, जैसे ही धमाका हुआ, मैं अपने ऑफिस से वहां गई बहुत बड़ा प्लेन क्रैश हुआ था। बहुत ही धुआं और आग लगी हुई थी। जो डॉक्टर के फ्लैट थे उनको बहुत डैमेज हुआ है। उसमें से कितने डॉक्टर को हम लोगों ने मिलकर निकाला है। बहुत दुखद दुर्घटना है। वाघेला ने बताया कि यह डॉक्टर का रेजिडेंशियल इलाका था, उनके फ्लैट थे। जैसे ही हम लोगों को पता चला कि हादसा हुआ हम लोग तुरंत अपना ऑफिस छोड़कर बचाव के लिए दौड़ पड़े। डॉक्टर्स उन फ्लैट्स में रहते थे। उनको भी नुकसान हुआ है। प्लेन के अंदर जो लोग हैं उनके बारे में मुझे तत्काल जानकारी नहीं पाई थी, लेकिन हादसा बहुत भयानक था।

## देश-दुनिया के सांत्वना संदेश

### परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं



कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि अहमदाबाद में हुए दर्दनाक विमान हादसे से मैं बेहद स्तब्ध और व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं यात्रियों और चालक दल के परिजनों के साथ हैं। जो दृश्य सामने आए हैं, वे बेहद पीड़ादायक हैं। पूरा देश शोक में है और प्रार्थना कर रहा है।

### दुर्घटना दिल दहला देने वाली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अहमदाबाद एयर इंडिया दुर्घटना दिल दहला देने वाली है। यात्रियों और चालक दल के परिवारों को जो दर्द और चिंता हो रही होगी, वह अकल्पनीय है। इस अविश्वसनीय रूप से कठिन क्षण में मेरी संवेदनाएं उनमें से प्रत्येक के साथ हैं। प्रशासन द्वारा तत्काल बचाव और राहत प्रयास महत्वपूर्ण हैं- हर जीवन मायने रखता है, हर सेकंड मायने रखता है।

### कठिन घड़ी में भारत के साथ



हादसे पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने जताया शोक पुतिन ने अपने संदेश में कहा कि रूस इस कठिन घड़ी में भारत के साथ खड़ा है और हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है।

### क्रैश की ख़बर भयावह



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश पर संवेदनाएं जताई हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, भारत में यात्री विमान के क्रैश की भयावह ख़बर। इस दुखद दिन में मेरी गहरी संवेदनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरे भारत के साथ हैं।

### यह क्षति सीमाओं से परे



पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए अनमोल लोगों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। यह विनाशकारी क्षति सीमाओं से परे है और हमें हमारी साझा मानवता की याद दिलाती है।

### हम भारत के साथ खड़े हैं



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भी इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, है।मैं अहमदाबाद के निकट एयर इंडिया विमान **AI** 171 की दुखद दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त करता हूं। इस कठिन समय में, मालदीव की सरकार और लोग भारत सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

## आइए जानते हैं बड़े विमान हादसे, जिसने हिला दिया पूरी दुनिया को

# कभी रनवे पर हादसा... कभी टेकऑफ के दौरान लगी आग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अहमदाबाद में गुरुवार को हुई इस एयर इंडिया के विमान हादसे ने हवाई यात्रा की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिछले कुछ समय में टेक्नोलॉजी और एविएशन इंजीनियरिंग में हुए कई एडवांसमेंट के बावजूद विमान हादसे होते रहे हैं और अक्सर इसकी वजह कई रोके जा सकने वाली गलतियां होती हैं। आज आपको बताते हैं दुनिया के 10 खतरनाक प्लेन हादसों के बारे में...

**तुर्की एयरलाइंस क्रैश (1974) :** 1974 में टर्किस एयरलाइंस का विमान 981 पेरिस के बाहर क्रैश हो गया। हादसा इतना खतरनाक था कि विमान में सवार सभी 346 लोगों की मौत हो गई थी। यह बोइंग का 747 एयरक्राफ्ट था। जांच में पता चला कि हादसा कार्गो डोर फेलियर की वजह से हुआ था।

**टेनेरिफ एयरपोर्ट हादसा (1977) :** इसे विमान हादसों की सबसे घातक दुर्घटनाओं में से एक माना जाता है। स्पेन के टेनेरिफ एयरपोर्ट पर मिसकम्युनिकेशन की वजह से दो बोइंग 747 विमान रनवे पर ही टकरा गए थे। इस हादसे में 583 लोगों की मौत हुई थी।

**सऊदिया फ्लाइट 163 (1980) :** पाकिस्तान के कराची से उड़कर सऊदिया फ्लाइट 163 जेद्दाह से होकर रियाद जा रही थी। विमान ने जैसे ही जेद्दाह एयरपोर्ट से उड़ान भरी, इसमें आग लग गई। इसके बाद प्लेन ने इमरजेंसी लैंडिंग कर भी ली थी, लेकिन क्रू मेंबर्स लोगों को बाहर नहीं निकाल पाए और सभी 287 पैसेंजर और 14 क्रू की मौत हो गई थी।




**जापान एयरलाइन क्रैश (1985) :** 1985 में जापान एयरलाइन का एयरक्राफ्ट 123 क्रैश हो गया था। विमान के रियर प्रेशर बल्कहेड में स्ट्रक्चर फेलियर की वजह से यह दुर्घटना का शिकार हो गया और करीब 520 लोहों की मौत हो गई थी।

### भारत में हुए बड़े विमान हादसे

**2020 - कोझिकोड़ क्रैश :** 7 अगस्त 2020 को एयर इंडिया एक्सप्रेसवे फ्लाइट संख्या 1344 दुबई से कोझिकोड़ आ रही थी और भारी बारिश के चलते विमान लैंडिंग के समय फिसल गया। इस हादसे में विमान दो हिस्सों में टूट गया और कुल 21 लोगों की मौत हो गई।

**2010 - मैंगलोर रनवे ओवर रन :** यह घटना 22 मई 2010 की है, जब एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812विमान दुबई से मैंगलोर आ रहा था और उतरते समय रनवे पर आगे निकल गया। इसके चलते 158 यात्रियों की मौत हो गई थी।

**1996 - चरखी दादरी में विमान टकराए :** यह दुर्घटना 12 नवंबर 1996 को हुई, जब हरियाणा में चरखी दादरी के पास आसमान में सऊदी अरब के विमान बोइंग 747 की कजाख्तान एयरलाइन इल्यूशिन II-76 से टकरा गया। इस हादसे में 349 लोगों की मौत हो गई थी।

**1990 - बैंगलोर विमान हादसा :** 14 फरवरी 1990 को इंडियन एयरलाइन्स की विमान संख्या 605 बैंगलोर एयरपोर्ट परलैंड कर रहा था तो यह रनवे से आगे निकल गया और विमान दो हिस्सों में टूट गया। विमान में सवार 146 में से 92 यात्रियों की मौत हो गई।

**1978 - अरब सागर में गिरा एयर इंडिया का विमान :** 1 जनवरी 1978 को एयर इंडिया का विमान बोइंग 747 मुंबई (तब बंबई) से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त होकर अरब सागर में गिर गया। यह विमान बंबई से दुबई जा रहा था और विमान में सवार सभी 213 यात्रियों की मौत हो गई थी।

रायपुर
शुक्रवार, 13 जून 2025
आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया
वर्ष: 23, अंक: 326
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 37.8
न्यून. 27.7

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### तेंदुए के लिए रेडियो कॉलर की कोई व्यवस्था नहीं

राज्य के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के साथ धमतरी, कांकेर सहित कई ऐसे वनक्षेत्र हैं जहां तेंदुआ शिकार की तलाश में रिहायशी क्षेत्र में प्रवेश कर जाता है। इनमें से कई तेंदुआ को मौके पर ही रेस्क्यू कर दूसरी जगह जंगल में ले जाकर छोड़ दिया जाता है। कई तेंदुआ ऐसे होते हैं, जो वापस अपने पुरानी जगह लौट कर वापस आ जाते हैं। ऐसी स्थिति में जरूरत पड़ने पर ऐसे तेंदुए को रेडियो कॉलर लगाकर उसकी मॉनिटरिंग करने की जरूरत पड़ती है। वर्तमान में जितने भी तेंदुआ अब तक रेस्क्यू किए गए हैं, उनमें से किसी भी तेंदुआ को रेडियो कॉलर नहीं लगाया गया है।




# छत्तीसगढ़ के बाघों के गले में उधार का रेडियो कॉलर मध्यप्रदेश और देहरादून से मांगा, अब खरीदेंगे छह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

राज्य के बड़े भूभाग में जंगल है और यहां वन्यप्राणियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए करोड़ों खर्च भी किया जाता है, लेकिन यह जानकर ताज्जुब होता है कि विभाग के पास रेस्क्यू बाघों को जंगल में छोड़े जाने के पूर्व मॉनिटरिंग के लिए रेडियो कॉलर तक उपलब्ध नहीं है। पूरे देश में छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा राज्य है, जहां किसी वनक्षेत्र में बाघ रेस्क्यू किए जाने पर अपने पड़ोसी राज्य या ⏭ शेष पेज 7 पर

■ जरूरत पड़ने पर तेंदुआ के लिए भी रेडियो कॉलर नहीं, टेंडर के बाद प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी

### उधारी में लेकर काम चला रहे

पिछले वर्ष मनेंद्रगढ़ से एक घायल बाघिन का जंगल सफारी में उपचार कराने के बाद अचानकमार टाइगर रिजर्व में रिलिज किया गया। बाघिन के लिए एटीआर ने उधारी में रेडियो कॉलर लिया था। बताया जा रहा है यह रेडियो कॉलर एटीआर प्रबंधन ने डब्लूआईआई, देहरादून की मदद से हासिल किया था। इसी तरह से कोरिया में विचरण कर रहे ⏭ शेष पेज 7 पर

### जल्द ही की जाएगी खरीदी

बाघ के लिए रेडियो कॉलर लगाने टेंडर जारी किया गया है, अभी प्रक्रिया कहां अटकी हुई है, इसकी जानकारी जुटाकर जल्द ही रेडियो कॉलर की खरीदी की जाएगी। बाघों के लिए छह से सात रेडियो कॉलर खरीदे जाएंगे। पूर्व में जहां से रेडियो कॉलर लाकर लगाया गया था, उन्हें वापस किया जाएगा।

- **प्रेम कुमार**, पीसीसीएफ वन्यजीव प्रबंधन योजना एवं इको टूरिज्म

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आरसीबी के मार्केटिंग मैनेजर सहित सभी लोग रिहा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चार जून को बेंगलुरु में मची भगदड़ के सिलसिले में गिरफ्तार आरसीबी के मार्केटिंग मैनेजर निखिल सोसले सहित सुनील मैथ्यू, किरण कुमार एस और इवेंट कंपनी के शमंत एनपी माविनाकेरे को रिहा करने का आदेश दिया।



### मूसेवाला ने गलतियां की परिणाम भुगता: गोल्डी बराड़

**चंडीगढ़।** कनाडा में रहने वाले गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश रचने की बात खुलेआम स्वीकार की है और दावा किया है कि पंजाबी गायक ने कुछ गलतियां कीं जिन्हें माफ नहीं किया जा सकता था और उसने इसका परिणाम भुगता।



### अलगाववादी नेता शब्बीर की जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आतंकवाद वित्तपोषण के एक मामले में कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर शाह की जमानत अर्जी खारिज कर दी। न्यायमूर्ति नवीन चावला और शलिंदर कौर की पीठ ने शब्बीर को जमानत देने से इनकार करने के फैसले को बरकरार रखा।



### कार दुर्घटना में तीन की मौत, पांच अन्य घायल

**झांसी।** झांसी जिले में एक कार के सड़क के डिवाइडर से टकराने के कारण एक महिला और एक किशोरी समेत एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना तड़के करीब चार बजे मोठ क्षेत्र में खिल्ली गांव के पास हुई।



अतिक्रमण हटाने पहुंचा था वन विभाग, दो घंटे तक बनाए रखा बंधक

# कब्जाधारियों का डिप्टी रेंजर और फॉरेस्ट अमले पर टंगिया-डंडे से हमला, बना लिया बंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कब्जा हटाने हरदी के जंगल में पहुंचे वन विभाग के अमले पर अतिक्रमणकारियों ने टंगिया, डंडे और अन्य हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। घटनाक्रम में डिप्टी रेंजर सहित पांच फॉरेस्ट कर्मी घायल हो गए हैं। घटना में डिपार्टमेंट के लोगों को करीब 2 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया था। घटना में सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वनकर्मियों को सकुशल रिहा कराया। जिसके बाद मामले में मुख्य आरोपी आशाराम ध्रुव समेत परिवार के कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, हरदी जंगल के सोहागपुर बीट में जेसीबी से अतिक्रमण किए जाने की सूचना पर डिप्टी रेंजर अशोक सिन्हा के नेतृत्व में ⏭ शेष पेज 7 पर



■ अतिक्रमणकारियों ने महिलाओं को आगे कर पहले हमला किया और फिर पूरी टीम को बंधक बना लिया

### लगी गैर जमानती धाराएं

घटना में घायल सभी कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने मुख्य आरोपी आशाराम ध्रुव, उसके दो बेटे झामेश्वर और थानेश्वर ध्रुव, रोहित ध्रुव और सीता ध्रुव को गिरफ्तार कर लिया है। एडिशनल एसपी जितेन्द्र चंद्राकर ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मारपीट, अपहरण, शासकीय कार्य में बाधा और जानलेवा हमले जैसी गंभीर और गैर-जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बंधक वन कर्मियों को छुड़ाने सुबह 5 बजे पहुंची पुलिस

रेंजर दुर्गा प्रसाद दीक्षित ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि अतिक्रमण की सूचना जरूर थी, लेकिन अतिक्रमणकारी इस तरह हिंसक व्यवहार करेंगे, इसका अंदेशा नहीं था। वन अमले को लगभग दो घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव पुलिस बल के साथ सुबह 5 बजे मौके पर पहुंचे और बंधक बनाए गए वन अमले को मुक्त कराया।

हादसे के बाद लगी आग

# ट्रक और ट्रेलर में भिड़ंत जिंदा जल गया चालक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छाल थाना क्षेत्र में ट्रक और ट्रेलर के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक चालक की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई वहीं दूसरे को अस्पताल ले जाया गया है।

जानकारी के मुताबिक छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हाटी के पास गुरुवार की दोपहर ट्रक और ट्रेलर में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो जाने की घटना में देखते ही देखते जहां दोनों ही वाहनों में भीषण आग लग गई, वहीं इस घटना में एक चालक की मौके पर जिंदा जलकर मौत हो जाने की बात कही जा रही है जबकि दूसरे वाहन के चालक को गंभीर रूप से घायल होनें की स्थिति में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मौके पर पहुंचे अफसर

घटना की जानकारी मिलते ही थाना थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर फायर बिग्रेड की सहायता से आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए हैं।

# सोनम और राज एक-दूसरे को बता रहे राजा की हत्या का मास्टरमाइंड

एजेंसी ⏭ शिलांग

राजा रघुवंशी हत्या केस में पुलिस रिमांड के पहले दिन ही सोनम और राज के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है। दोनों एक-दूसरे को राजा के मर्डर का मास्टरमाइंड बता रहे हैं। सोनम ने कहा कि सबसे पहले राज कुशवाहा ने ही राजा को रास्ते से हटाने की बात की थी। वहीं राज ने कहा कि सोनम किसी भी हालत में राजा से छुटकारा चाहती थी, उसी ने कहा कि रास्ते से हटाओ। एसआईटी टीम ने आरोपियों से पूछताछ के लिए सवालों की सूची तैयार की है और आमना-सामना कराने की योजना भी बनाई गई है. पुलिस के पास पहले से कुछ पुख्ता सबूत हैं, जिनके आधार पर ही अब आगे की जांच आगे बढ़ेगी।

### सोनम और राज की दो तस्वीरें आईं सामने

बता दें, सोनम और राज कुशवाह की दो नई तस्वीरें सामने आई हैं, जो सोनम के पिता के ऑफिस की बताई जा रही हैं। इन तस्वीरों में दोनों साथ नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, पिछले दो साल से राज सोनम के पिता के ऑफिस में काम कर रहा था।

### राजा रघुवंशी मर्डर केस: शुरू हुआ आरोपों का खेल



### भाड़े के हत्यारे सिर्फ राज को जानते हैं


भाड़े के हत्यारों ने भी कहा कि उन्हें सिर्फ राज कुशवाहा से बात हुई थी। उन्होंने राज के कहने पर उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। कातिलों को सोनम और राज के अफेयर की जानकारी नहीं थी। पुलिस अब इन सभी बयानों को इलेक्ट्रॉनिक फुटप्रिंट्स और मोबाइल डाटा से मिलाकर सच्चाई तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

### जांच के लिए आठ एसआईटी की टीमें गठित

पूछताछ के पहले दिन पुलिस ने सभी से 23 मई से 27 मई तक की गतिविधियों के बारे में पूछा। सभी पांच आरोपी सोनम, राज, विशाल, आनंद और आकाश 8 दिन की पुलिस रिमांड पर हैं। सभी को शिलांग के सदर थाने में रखा गया है। पूछताछ के लिए 8 एसआईटी टीमें बनाई गई हैं। पुलिस जल्द ही आरोपियों को क्राइम सीन पर लेकर जाकर सीन को रिक्रिएट कर सकती है।

### सोनम के पास 4 फोन थे... एक ही मिला, 3 गायब

शिलॉन्ग पुलिस के अधिकारियों ने ये कन्फर्म किया है कि सोनम के पास हनीमून के दौरान 4 मोबाइल फोन थे। इनमें से केवल एक मोबाइल ही बरामद हुआ है, बाकी तीन फोन सोनम ने ठिकाने लगा दिए हैं। डीआईजी मारक कहते हैं कि सोनम के पास अलग-अलग मोबाइल के पुख्ता सबूत मिले हैं।




पुरी में रथयात्रा से पूर्व मनाया गया स्नान यात्रा उत्सव

# भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का 108 कलशों से कराया पवित्र स्नान


एजेंसी ⏭ पुरी

ओडिशा में पुरी स्थित विश्व प्रसिद्ध श्रीजगन्नाथ मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की 'स्नान यात्रा' का आयोजन किया गया। यह पावन स्नान महोत्सव ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर हर साल मनाया जाता है, जिसमें भगवान को 108 कलशों से जलाभिषेक कर विशेष अनुष्ठान किया गया। महाप्रभु को 56 भोग लगाए गए।

### स्वर्ण कुएं के जल से पवित्र स्नान

स्नान यात्रा में सबसे पहले भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को गर्भगृह से बाहर लाकर 'स्नान मंडप' पर विराजमान कराया गया। इसके बाद परंपरा के अनुसार परिसर के अंदर स्वर्ण कुएं से निकाले गए 108 घड़ों के पवित्र जल से स्नान कराया गया।

स्नान यात्रा के दौरान होने वाले भव्य सार्वजनिक अनुष्ठान में तीनों देवताओं को एक साथ देखने का दुर्लभ मौका मिलता है।



**महाप्रभु का गजानन वेश एवं 56 भोग :** दोकड़ा में स्नान के उपरांत भगवान जगन्नाथ को पारंपरिक वेश में सजाया गया। इस विशेष रूप में महाप्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने इसे अत्यंत शुभ और दिव्य अवसर माना तथा भगवान के इस स्वरूप को श्रद्धा से निहारा। साथ ही महाप्रभु को 56 भोग लगाया गया।

### बीमार हुए प्रभु, दर्शन बंद, दी जाएंगी औषधियां

सेवायत सरत महंती ने बताया कि स्नान यात्रा के बाद भगवान को बीमार होने का प्रतीक मानते हुए 'अनासर' अवधि में आम श्रद्धालुओं के दर्शन बंद हो जाते हैं। इस दौरान भगवान को 'दशमूल औषधियों' से तैयार खास भोग और औषधियां दी जाती हैं, ताकि रथयात्रा के दिन पुनः स्वस्थ होकर भक्तों को दर्शन दें।

# कब हुआ था दुनिया का पहला प्लेन हादसा? ये थी वो पहली उड़ान जो हादसे में बदल गई...



**नई दिल्ली।** आज के समय में हवाई सफर आम हो चुका है। हवाई जहाज के इतिहास में पहली बार हुए हादसे की बात करें तो वह साल 1908 की 17 सितंबर की तारीख थी। जगह थी अमेरिका का वर्जीनिया राज्य, जहां फोर्ट मायर ग्राउंड पर हजारों लोग जमा थे। सबकी नजरें आसमान की ओर थीं, क्योंकि आज इंसान की पहली उड़ान का चमत्कार दोहराया जाना था। मशहूर राइट ब्रदर्स - ऑरविल और विल्बर राइट ने दुनिया का पहला एयरक्राफ्ट बनाया था, जिसे 'राइट फ्लायर' नाम दिया गया था। आज वही फ्लायर एक बार फिर उड़ान भरने जा रहा था, लेकिन इस बार इसे देखने खुद अमेरिकी सेना के अफसर भी पहुंचे थे।



## सेना को दिखाया जा रहा था फ्लाइट डेमो

*अमेरिकी सेना इस फ्लाइंग मशीन में दिलचस्पी ले रही थी, क्योंकि इसका उपयोग फौजी कामों में किया जा सकता था। राइट ब्रदर्स इसे सेना के सामने परखना चाहते थे। उस दिन ऑरविल राइट खुद इस फ्लाइट को उड़ा रहे थे, और उनके साथ यात्री के रूप में थे अमेरिकी सेना के लेफ्टिनेंट थॉमस सेलफ्रिज।*

## आसमान में गूंजा उत्साह, फिर आया सन्नाटा

जैसे ही विमान ने उड़ान भरी, वहां मौजूद लोगों की तालियां गूंज उठीं। कुछ पल के लिए यह इतिहास का सबसे बड़ा चमत्कार लग रहा था। लेकिन, खुशी के ये पल ज्यादा देर टिक नहीं सके। उड़ान के दौरान अचानक फ्लाइट के एक प्रोपेलर में तकनीकी खराबी आ गई। उसकी एक ब्लेड टूटकर नीचे गिर गई और प्लेन का संतुलन बिगड़ गया। कुछ ही सेकंड में आसमान में उड़ता यह विमान तेजी से नीचे गिरा और जमीन से टकरा गया।



## पहली फ्लाइट में पहली मौत

इस हादसे में लेफ्टिनेंट थॉमस सेलफ्रिज की मौके पर ही मौत हो गई। वे विमान हादसे में जान गंवाने वाले पहले इंसान बन गए। वहीं, ऑरविल राइट गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर टूट गए और कई हड्डियां फ्रैक्चर हो गईं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के बाद वे किसी तरह बच पाए।

## ● रोचक खबरें

## बरमूडा ट्रायंगल का खौफ, कहां गायब हो गए 50 जहाज और 20 विमान?

**न्यूयार्क।** इस आर्टिकल में हम आपको बरमुडा ट्रायंगल के वैज्ञानिक कारणों के बारे में विस्तार से बताएंगे। बरमूडा ट्रायंगल समुद्र का एक बहुत ही रहस्मयी हिस्सा है, जहां पिछले 50 सालों में लगभग 50 पानी के जहाज और 20 विमान यहां से गायब हो चुके हैं। बरमूडा ट्रायंगल अटलांटिक महासागर का बहुत ही रहस्यमयी क्षेत्र है। यह क्षेत्र अमेरिका के फ्लोरिडा से लेकर प्यूर्टो रिको और ऊपर बरमूडा देश के बीच त्रिकोण क्षेत्र बनाता है। बरमूडा ट्रायंगल की कहानी कई 100 साल पुरानी है। इतिहास में सबसे पहला इसका जिक्र 1498 में देखने को मिलता है जब कोलंबस ने अपनी किताब में इसका जिक्र किया था। उन्होंने बताया कि इस रास्ते से गुजरने के दौरान बरमूडा ट्रायंगल के पास कुछ अजीबोगरीब घटनाएं देखी थी जैसे जहाज का असंतुलित होना, मैग्नेटिक कंपास की दिशा का बदलना जैसी चीजें घटित हुई थी। इसरी वजह से यहां का नाम सुनते ही कुछ लोग डर जाते हैं और कुछ लोग उतावले हो जाते हैं। इसे लेकर बहुत सारी कहानियां घूमती रहती हैं और कई सारे दावे भी किए जाते हैं। वहीं, कुछ लोग मानते हैं कि कोई अलौकिक शक्ति है, जो जहाजों और विमानों को गायब कर देती है। बहुत सारे लोग ऐसे भी हैं जो इसे समुद्री तूफान, गैस विस्फोट और इंसानों की गलती जैसे वैज्ञानिक कारण भी मानते हैं। इसे लेकर विज्ञान जगत के लोगों के बीच कई सारी धारणाएं हैं। इन्हीं में से एक तर्क यह दिया जाता है कि इसके नीचे ज्वालामुखी का विस्फोट होता है तो उसमें से कई तरह की गैसें निकलती हैं, जिसमें से ज्यादातर मीथेन गैस निकलता है।



## रेस्त्रां गई खूबसूरत लड़की, ऑर्डर की ऐसी चीज, घूर-घूरकर देखने लगा वेटर!

**टोक्यो।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक जापानी लड़की का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने फूड ब्लॉगिंग के नाम पर कुछ ऐसा कर दिखाया कि लोग हैरान रह गए। जापान के एक रेस्तरां में इस लड़की ने न चिकन, न मटन, बल्कि फ्राइड छिपकली का पकौड़ा खाया। वीडियो में वह जिस तरह स्वाद लेते हुए इस अजीबोगरीब व्यंजन को खा रही है, उसे देखकर नेटिजन्स को घिन और उबकाई आ रही है। यह वीडियो जापान के योकोहामा में स्थित नोगे चिंजुया नामक रेस्तरां का है, जो अपने असामान्य और विवादास्पद मेन्यू के लिए जाना जाता है। इस रेस्तरां में छिपकली, सलामैंडर, मगरमच्छ के पैर और कीड़ों जैसे व्यंजन परोसे जाते हैं। वायरल वीडियो में एक जापानी फूड ब्लॉगर लड़की को फ्राइड छिपकली का पकौड़ा खाते हुए दिखाया गया। वह छिपकली को कुरकुरा बताते हुए बड़े चाव से खा रही है, लेकिन लोगों को इसे देख घिन्न आ गई। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को लाखों लोग देख चुके हैं और इस पर कई कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, "यह देखकर मेरा पेट गड़बड़ा गया। कौन ऐसा खाना खा सकता है? वहीं, एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की, जापान के लोग वाकई हिम्मतवाले हैं, लेकिन यह मेरे बस की बात नहीं! कुछ लोगों ने इसे सांस्कृतिक विविधता का हिस्सा बताया, तो कुछ ने फूड ब्लॉगिंग की इस अति को गलत ठहराया।



## यहां सड़कों पर बिकती है चड्डी-ब्रा पकौड़ी! चाव से खाते हैं लोग

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने लोगों को हैरान कर दिया है। इस वीडियो में एक दुकान पर 'चड्डी-ब्रा पकौड़ी' बिकते हुए दिखाई दे रही है यह अजीबोगरीब व्यंजन, जो देखने में चड्डी और ब्रा की शक्ल में बनाया गया है, लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। दुकान पर इस अनोखी पकौड़ी को खरीदने के लिए भीड़ लगी रहती है। खास तौर पर महिलाएं इसके स्वाद की दीवानी हो रही हैं। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में एक सड़क किनारे की दुकान दिखाई दे रही है, जहां एक शख्स कड़ाही में तेल गर्म करके चड्डी और ब्रा की शक्ल वाली पकौड़ियां तल रहा है। ये पकौड़ियां आटे या बेसन के मिश्रण से बनाई गई है और इनका आकार इतना सटीक है कि वे वाकई चड्डी और ब्रा जैसे दिखते हैं। दुकानदार इन्हें कड़ाही से निकालकर कागज पर रखता है और ग्राहकों को परोसता है। वीडियो में कई लोग, खासकर महिलाएं, इन पकौड़ियों को खरीदते और चाव से खाते दिख रहे हैं। दुकान के आसपास भीड़ जमा है और लोग इस अनोखे व्यंजन को देखकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। वीडियो की लोकेशन स्पष्ट नहीं है, लेकिन कुछ यूजर्स का दावा है कि यह दुकान विदेश की है।




# दुनिया की सबसे गर्म जगह, जहां पर छिपे हैं कई रहस्य, खौलता रहता है झीलों का पानी

**अदीस अबाबा।** दुनिया की सबसे गर्म जगह के बारे में जानकर आप हैरान हो जाएंगे। इस जगह का नाम है, डानाकिल डिप्रेशन, जो उत्तरी अफ्रीकी देश इथियोपिया में है। इसका एक हिस्सा पड़ोसी देश इरीट्रिया से भी मिलता है। 'डानाकिल डिप्रेशन' दुनिया की सबसे गर्म, सबसे सूखी, और धरती पर सबसे नीची जगह है। इथियोपिया के अफार इलाके में यह जगह स्थित है। यहां का मौसम बेहद खतरनाक है। फिर भी आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे कि बेहद खराब माहौल होने के बावजूद यहां बहुत से लोग रहते हैं। इथियोपिया के अफार समुदाय के लोग बेरहम मौसम वाले ठिकाने को अपना घर मानते हैं।

डानाकिल डिप्रेशन को दुनिया की सबसे गर्म जगह इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यहां साल भर औसत तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहता है। धरती पर जो और गर्म जगहें हैं, वहां औसतन इतना तापमान नहीं रहता। कभी-कभी बहुत ज्यादा गर्मी पड़ती है। मगर 'डानाकिल डिप्रेशन' में औसत तापमान ही 35 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। इसके सिवा यहां बारिश भी बेहद कम होती है। साल भर में सिर्फ 100 से 200 मिलीमीटर बारिश यहां होती है। इसके अलावा एक खास बात और भी है कि 'डानाकिल डिप्रेशन' समुद्र तल से करीब सवा सौ मीटर नीचे है। यहां के यह हालात इसे रहने के लिए धरती पर सबसे बदतर ठिकाना बना देते हैं।



### बड़े इलाके में फैला हुआ है पिघलता लावा

'डानाकिल डिप्रेशन' में सिर्फ धरती के ऊपर का माहौल नहीं खराब है। यहां धरती के अंदर भी हलचल मची हुई है। यह वो जगह है जहां पर तीन टेक्टॉनिक प्लेट्स मिलती हैं। यह वो प्लेट हैं, जिन पर हमारे महाद्वीप और महासागर हैं। 'डानाकिल डिप्रेशन' में जो तीन टेक्टॉनिक प्लेटें हैं वो सालाना एक से दो सेंटीमीटर की दर से एक दूसरे से दूर हो रही हैं। धरती के भीतर मची-इस उथल-पुथल का नतीजा यह है कि धरती के भीतर की आग अक्सर यहां बाहर निकल आती है।

### मौसम है बेहद गर्म और रूखा

जब 'डानाकिल डिप्रेशन' पहुंचेंगे तो आपको लगेगा कि आप धरती पर नहीं, किसी और ग्रह पर पहुंच गए हैं। यहां का मौसम बेहद गर्म और रूखा है। यहां वहां गड्ढों में पिघलता लावा दिखेगा। आस-पास के इलाकों में लावे के ठंडे होने से बनी चट्टानें और पहाड़ियां दिखेंगी। चूंकि यहां अंदर धरती में आग लगी हुई है, इसलिए 'डानाकिल डिप्रेशन' में गर्म पानी के कई सोते हैं, झरने हैं। पानी बाहर आते ही भयंकर गर्मी में सूख जाता है। इसलिए इस इलाके में नमक की कई खदानें भी हैं।

### इंसान के विकास का पहला ठिकाना!

जिस रफ्तार से 'डानाकिल डिप्रेशन' के नीचे धरती खिसक रही है, उससे लाखों साल बाद यहां गहरा गड्ढा हो जाएगा। यहां पर लाल सागर का पानी भर जाएगा। इसलिए 'डानाकिल डिप्रेशन' लाखों साल बाद एक नए समंदर की शुरुआत का ठिकाना होगा। समंदर की शुरुआत तो लाखों साल बाद होगी, लेकिन लाखों साल पहले इसी जगह से इंसान का विकास शुरू हुआ था। 1974 में वैज्ञानिक डोनाल्ड जॉनसन और उनकी टीम ने यहीं पर लूसी नाम का कंकाल खोज निकाला था।


### बेहद कीमती चीज है नमक

*यहां के लोगों के लिए नमक बेहद कीमती चीज है। वो नमक की चट्टानें काट-काटकर उसे ले जाकर बेचते हैं। मेकेले शहर सबसे पास का बाजार है। ऊंटों और गधों की मदद से नमक को इस शहर के बाजार तक पहुंचाया जाता है। इस दूरी को अफार लोग करीब हफ्ते भर में तय करते हैं। इस दौरान उनके पास गिनी चुनी रोटियां और पानी होता है। अफार समुदाय के लोग घुमंतू होते हैं। वो बुनियादी किस्म की जिंदगी बसर करते हैं। यहां बहने वाली छोटी सी अवाश नदी यहां के लोगों की लाइफलाइन है। इसके पानी पर ही स्थानीय लोग और उनके पालतू जानवर बसर करते हैं।*

### दुनिया की अजब-गजब नदी है अवाश

*अवाश नदी भी दुनिया की अजब-गजब नदी है। ये कभी भी समंदर तक का सफर नहीं करती। 'डानाकिल डिप्रेशन' से गुजरते वक्त यहां की भयंकर गर्मी की वजह से अवाश नदी सूख जाती है। फिर इसकी तलहटी में नमक जम जाता है। 'डानाकिल डिप्रेशन' खुद में खराब जगह है। मगर अवाश नदी यहां के सूखे, बंजर इलाके में जीवनधारा की तरह बहती है। इसका पानी पीने के काम आता है। फिर नदी में जमा नमक, यहां के लोगों की रोजी का जरिया बन जाता है। 'डानाकिल डिप्रेशन' को देखकर लगता है कि हम चांद पर आ गए हैं।*

## बिल्लियों की कीमत जानकर उड़ जाएंगे होश!



**हनोई।** भारत में दहेज की पुरानी परंपरा को अब गैरकानूनी बना दिया गया है। पर क्या आप जानते हैं कि कुछ विदेशी देशों में भी दहेज की परंपरा है। वियतनाम में दुल्हन को उसके माता-पिता की ओर से ऐसा दहेज मिला, जिसके बारे में जानकर हर कोई हैरान है। वियतनाम से एक बेहद अनोखी और चर्चा में रही शादी की खबर सामने आई है, जिसमें एक 22 वर्षीय दुल्हन को उसके माता-पिता की ओर से ऐसा दहेज मिला है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया। इस दहेज में 100 सिवेट बिल्लियां शामिल थीं, जिनकी कीमत लगभग 70,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 58 लाख रुपए) बताई जा रही है। यही नहीं, इस असाधारण दहेज में 25 सोने की ईंटें, 20,000 डॉलर नकद, 3 लाख वियतनामी डोंग के शेयर और कई महंगी प्रॉपर्टीज भी शामिल थीं। सिवेट बिल्ली एक खास प्रकार का जानवर है जो दक्षिण एशिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में पाया जाता है। यह जानवर इसलिए खास माना जाता है, क्योंकि इसकी मदद से दुनिया की सबसे महंगी कॉफी 'कोपी लुवाक' बनाई जाती है। इस प्रक्रिया में सिवेट बिल्ली पकी हुई कॉफी चेरी खाती है और उसके मल से निकले बीजों को साफ करके कॉफी तैयार की जाती है।

## महिला को एलियंस ने किया था किडनैप

**लंदन।** नई-नई शादी के बाद एक कपल नियाग्रा फॉल्स से हनीमून मनाकर घर लौट रहा था। तभी रात के सन्नाटे के बीच न्यू हैम्पशायर की सुनसान सड़कों पर आसमान में एक रहस्यमयी रोशनी दिखाई दी। उस रोशनी को देखकर नवविवाहित जोड़ा हैरान रह गया। ये रोशनी उनके पीछे-पीछे चलने लगी। फिर धीरे-धीरे एक उड़न तश्तरी (फ्लाइंग सॉसर) के आकार में उनकी कार के ठीक ऊपर मंडराने लगी। इसके बाद अचानक एक तेज गूंजती आवाज ने उन्हें डरा दिया। फिर पलक झपकते ही वे 35 मील दूर अपने घर पहुंच गए, लेकिन उन्हें यह याद नहीं था कि वे वहां कैसे आए।

शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी-जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर कुलंग बात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों ओर सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्फुटी आदि पर, खूनी पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, शकवट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
चौबे कालोनी, प्रगति कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

उपलब्ध विशेषताएं
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
तिल्दी चौक, रायपुर - 492001

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

अहलूवालिया हॉस्पिटल
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
Dental & Cosmetic Treatments


निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास
डॉ. नमित नंदे
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.)

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77770-76292





## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, आरक्षक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में आरक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 12 लाख 40 हजार की धोखाधडी करने वाले आरक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला डभरा थाना क्षेत्र का है। डभरा पुलिस के अनुसार डभरा क्षेत्र के रहने वाले दिलेश्वर बरेठ समेत अन्य दो लोगों से सीएएफ आरक्षक दुर्गेश चंद्रा द्वारा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में आरक्षक, छात्रावास अधीक्षक, मंत्रालय में सहायक ग्रेड 2 एवं चपरासी के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 12 लाख 40 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई थी। इस मामले में प्रार्थी द्वारा डभरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले में पहले तो प्रार्थी एवं उनके दो अन्य साथियों ने नौकरी नहीं लगने की स्थिति में राशि वापस करने की मांग भी की थी, लेकिन आरोपी आरक्षक द्वारा उनकी बातों को अनसुना कर दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सीएएफ आरक्षक दुर्गेश चंद्रा को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया है। इसके पूर्व बिलासपुर नगर निगम में नौकरी लगवाने के नाम पर 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आ चुका है।

### ढाई साल के बच्चे को कुत्ते ने नोंचा, गंभीर



**भिलाई।** भिलाई-तीन के गांधीनगर वार्ड निवासी ढाई साल के एक मासूम को आवारा कुत्ते ने नोंच खाया। आवारा कुत्ते ने मासूम को कई जगहों पर काटा। मासूम शिवांश की हालत गंभीर बताई गई है। उसके पिता विनोद धुरी और मां रीता धुरी ने घटना की जानकारी दी है। इधर शहर में आवार कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ते जा रहा है। इसे लेकर स्थानीय पार्षदों द्वारा शिकायत भी की गई है, लेकिन शिकायत को अब तक गंभीरता से नहीं लिया गया है। शिवांश शाम को घर के पास गली में खिलौने वाली तीन चकिया गाड़ी चलाकर खेल रहा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला बोल दिया। कुत्ते के अचानक हमला बोलने से शिवांश अपनी खिलौना वाली गाड़ी से गिर पड़ा। उसके गिरते ही कुत्ता उसे नोंचने लगा। कुत्ते को भगाया, लेकिन तब तक कुत्ता शिवांश को नोंचकर गंभीर रूप से घायल कर चुका था। पूर्व पार्षद लावेश मदनकर ने कहा कि सुशासन शिविर में शिकायत की गई थी। कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## मुख्यमंत्री साय ने प्रतिमा का अनावरण और कन्वेंशन हॉल का किया लोकार्पण

# तीन दशकों तक लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर ने निष्पक्ष व न्यायप्रिय शासन चलाया: विष्णुदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

**लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर इंदौर की महारानी थी और बहुत ही निष्पक्ष और न्याय प्रिय महारानी थी। बहुत ही कम उम्र में उनके पति की मौत हो गई। उस दौरान देश में सती प्रथा प्रचलन पर था, जिससे महारानी भी सती प्रथा के लिए तैयार थी पर अपने ससुर की समझाइश पर अपना विचार बदल दिया। करीब 3 दशकों तक उन्होंने बहुत ही निष्पक्ष और न्याय प्रिय शासन चलाया। उन्होंने पूरे देश में बड़े बड़े मंदिरों सोमनाथ, जगन्नाथ, महाकाल, काशी विश्वनाथ सहित कई मंदिरों का जीर्णोद्धार का काम किया। इसमें उन्होंने राज्य शासन का कोई पैसा नहीं लगाया।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उक्त बातें लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर कन्वेंशन हॉल के लोकार्पण व अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा अनावरण के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने ससुर के दिए राशि का उपयोग करते हुए इंदौर की महारानी होते हुए इंदौर रियासत से बाहर निकलकर पूरे देश में चारों तरफ हिंदू धर्म को स्थापित करने का काम किया। जिले के लोगों को आने जाने के लिए सुविधा हो इसके लिए सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया है।

जिले में अब सड़कों की कमी नहीं रहेगी। इसके अलावा लोगों की मांग है कि इतना बड़ा कन्वेंशन हाल है तो उसे वातानुकूलित किया जाए। घोषणा करता हूं कि जल्द ही कन्वेंशन हाल को वातानुकूलित बनाने का काम किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा एल्युमिनियम पार्क के लिए एनओसी की मांग पर अपनी सहमति जताई और जल्द ही एनओसी जारी करने की बात कही। उन्होंने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है, इसलिए इस कार्यक्रम को पूरी सादगी के साथ किया गया है।

### उपमुख्यमंत्री साव, उद्योग मंत्री लखनलाल हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष सिंहदेव हुए शामिल




#### ये सौगातें दीं

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज जिले में 223 करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के मूर्ति का अनावरण व कन्वेंशन हाल का लोकार्पण किया गया है। 10 विभाग के कुल 16 विकास कार्यों में 24 करोड़ 10 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण व 199 करोड़ 77 लाख के 50 कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि 145 करोड़ की राशि सड़क निर्माण के लिए डीएमएफ से स्वीकृत की गई है।

## घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज

# रेत माफिया फायरिंग मामले में पार्षद सहित दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

बुधवार की रात शहर के मोहड़ वार्ड में शिवनाथ नदी से अवैध रेत का उत्खनन कर रहे रेत माफियाओं को रोकने गए ग्रामीणों पर रेत माफियाओं ने गोली चला दी। इस हमले में वार्ड विकास समिति के अध्यक्ष सहित तीन ग्रामीण घायल हुए हैं। जिसमें से एक युवक का ईलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। जिले के शिवनाथ नदी से बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। दर्जन भर स्थान में देर रात रेत माफिया द्वारा मशीनों को नदी में उतारकर अवैध रेत की तस्करी की जाती है। वहीं अवैध रेत तस्करों को रोकने पर उनके द्वारा हमला भी किया जाता है। बुधवार को ऐसी ही घटना हुई। शहर के वार्ड नंबर 49 मोहड़ स्थित शिवनाथ नदी में अवैध रेत उत्खनन कर रहे रेत माफिया को रोकने शाम लगभग साढ़े 7 बजे जब वार्ड के लोग नदी की ओर गए तो रेत माफियाओं ने उन पर हमला कर दिया, गोलियां भी चला दी। इस हमले में तीन ग्रामीण घायल हो गए। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसपी मोहित गर्ग ने बताया कि ग्रामीण गोली लगने से घायल नहीं हुए हैं। घटना स्थल पर फायरिंग से तीन खाली खोखे और बुलेट के सामने वाले हिस्से को बरामद किया गया है।

#### माफियाओं के वाहन में पार्षद

घायल जितेन्द्र साहू ने कहा कि वह गोली लगने से घायल हुए हैं। ग्रामीण पर हुई फायरिंग के वक्त रेत माफियाओं के वाहन में ग्रामीणों ने अपने वार्ड पार्षद को देखा था, जिसके बाद घायल जितेन्द्र साहू की शिकायत पर पुलिस ने वार्ड पार्षद को भी गिरफ्तार किया है।

#### तीन लोग हुए घायल

रेत माफिया के हमले में रोशन मंडावी की कनपटी कनपटी कट गई। जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं एक अन्य युवक जितेंद्र साहू के सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से वह घायल हो गया। वहीं वार्ड विकास समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू के हाथ में चोंट लगी है।

## तीन आरोपी पकड़े गए

# हल्दीराम की एजेंसी देने के नाम पर डॉक्टर से 11 लाख की ठगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

शहर के केदारपुर निवासी डॉ. अमित असाठी को अज्ञात लोगों ने हल्दीराम की एजेंसी देने के नाम पर 11 लाख 25 हजार रूपए की ठगी कर ली थी। इस ठगी की शिकायत चिकित्सक ने 31 जनवरी को साइबर रेंज पुलिस से की थी। आईजी दीपक झा के निर्देश पर पुलिस ने संदेही खाता को होल्ड कराकर 5 लाख 26 हजार रुपए होल्ड कराकर चिकित्सक को राशि वापस कराई गई। पुलिस ने बिहार के नालंदा अंतर्गत नूरसराय व चंडी में दबिश देकर नूरसराय निवासी 19 वर्षीय रानू कुमार आ. योगेन्द्र कुमार, चंडी जैतीपुर निवासी 21 वर्षीय मुन्ना कुमार आ. मुकेश रवि दास व सजाहपुर दनियावा निवासी 21 वर्षीय शिवम कुमार आ. राकेश कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से ठगी की रकम 1.98 लाख रूपए नगद, 6 नग मोबाइल फोन, 19 नग एटीएम कार्ड, 35 बैंक पासबुक व 20 नग चेकबुक बरामद किया है।

#### एक साल से कर रहे थे ठगी

अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी मुन्ना कुमार बीए व शिवम बीए के छात्र है जबकि रानू ने फार्मेसी की पढाई की है। आरोपियों द्वारा कम समय में अमीर बनने के लिए ठगी का रास्ता अपनाया। आरोपियों द्वारा गूगल में महज 5 सौ रुपए देकर हल्दीराम की एजेंसी देने का विज्ञापन चलवाया गया। इसी विज्ञापन को देखकर लोग उसमें दिए गए मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर ठगी का शिकार हो रहे थे। आरोपियों द्वारा एक वर्ष के भीतर कई लोगों से लाखों की ठगी की गई है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

## पड़ोसी से मारपीट पर कार्रवाई

# जैजैपुर विधायक साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

एसी लगाने की बात को लेकर हुए विवाद पर चांपा पुलिस ने जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। वहीं विधायक की रिपोर्ट पर पड़ोसी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज किया गया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शंकर नगर चांपा निवासी चंद्रशेखर राठौर ने जैजैपुर के कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू के खिलाफ गाली गलौज और मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू के घर के दो एसी के आउटडोर व चिमनी से धुंआ निकलने वाले स्थान को उसकी जमीन तरफ रखा गया है, जिसे हटाने को कहने के बाद भी नहीं हटाया था। 10 जून को बालेश्वर साहू के मकान पर काम करने वाले नौकर को हटाने कहा था। इस बात की जानकारी मिलते ही जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने गली और फिर घर आकर घर वालों से अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान प्रार्थी के जीजा हेमंत राठौर से मारपीट की। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने विधायक बालेश्वर साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 329(4), 296, 351(2) और 115 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है। दूसरी ओर विधायक बालेश्वर साहू ने भी पड़ोसी चंद्रशेखर राठौर के खिलाफ मारपीट की शिकायत की थी। इस पर पड़ोसी चंद्रशेखर राठौर के खिलाफ भी अपराध कायम किया गया है।

#### दोनों पक्षों की शिकायत मिली: एसपी

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत मिली थी। प्रारंभिक जांच के उपरांत विधायक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विधायक की रिपोर्ट पर पड़ोसी के खिलाफ भी अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

# मेडिकल प्रवेश, एनआरआई कोटा मामले में शासन को नोटिस

**बिलासपुर।** राज्य में मेडिकल प्रवेश में लागू किए गए एनआरआई कोटे को लेकर पेश जनहित याचिका में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। रायपुर निवासी प्रेम नारायण शुक्ला ने अधिवक्ता जयप्रकाश शुक्ला के माध्यम से जनहित याचिका दायर कर बताया कि छत्तीसगढ़ मेडिकल प्रवेश नियम 2018 में एनआरआई कोटे से संबंधित प्रावधान है। इसमें रूल 13 स-1 में एनआरआई का अर्थ बताया गया है। इसमें दी गई लंबी चौड़ी व्याख्या को ही याचिका में चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने पीए ईनामदार विरूद्ध महाराष्ट्र राज्य मामले में कहा था कि एनआरआई में खुद एनआरआई माता-पिता और उनके बच्चे ही शामिल हो सकते हैं। इस बारे में पहले याचिकाकर्ता ने अभ्यावेदन पेश किया था। इसपर विचार नहीं होने पर हाईकोर्ट की शरण ली गई, जिसपर डिवीजन बैंच में सुनवाई हुई। अधिवक्ता शुक्ला ने राज्य के नियम में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होने का उल्लेख किया।






## इसांस रायफल, कारतूस समेत मिला भारी मात्रा में विस्फोटक

# पुसगुन्ना जंगल मुठभेड़ में मारी गई कटेकल्याण एरिया कमेटी की सीनियर मेंबर अनीता अवलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कूकानार थाना क्षेत्र के डुनमपारा पुसगुन्ना जंगल में 11 जून को हुई मुठभेड़ में मारी गई महिला माओवादी कि शिनाख्त कटेकल्याण एरिया कमेटी की सीनियर मेंबर अनीता अवलम के रूप में हुई है, जिस पर 2 लाख का ईनाम घोषित था। पुसगुन्ना मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 5 लाख का ईनामी कटेकल्याण एरिया कमेटी मेंबर मुचाकी बामन भी शामिल है। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक भी बरामद किया है।

एसपी सुकमा किरण चव्हाण ने





बताया गया कि जिले के कूकानार थाना क्षेत्र के डुनमपारा पुसगुन्ना के जंगल पहाड़ी इलाके में कटेकल्याण एरिया कमेटी में सक्रिय माओवादियों की मौजूदगी पर जिला बल व डीआरजी की संयुक्त टीम को सर्च अभियान में रवाना किया गया था। अभियान के दौरान 11 जून को माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच लगातार फायरिंग होती रही जिसके बाद फोर्स को भारी पड़ता देख माओवादी भागने में लगे। मुठभेड़ स्थल से दो हार्डकोर माओवादियों के शव के बरामद किया गया था जिनकी पहचान 5 लाख के ईनामी पेदारास एलओएस कमांडर कटेकल्याण एरिया कमेटी (एसीएम) मुचाकी बामन निवासी चिकपाल थाना कटेकल्याण व कटेकल्याण एरिया कमिटी सीनियर पार्टी सदस्या अनीता अवलम निवासी बीजापुर क्षेत्र के रूप में हुई है। मुठभेड़ स्थल से दोनों के शव के अलावा 5.56 एमएम इंसास राइफल, भरमार बंदूक, जिलेटिन, डेटोनेटर, इंसास व 12 बोर बंदूक के जिंदा कारतूस, साबुन बम, टिफिन बम, वायर, सेफ्टी फ्यूज व अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया।

#### नक्सल मुक्त बस्तर मिशन का संकल्प सपना नहीं बल्कि हकीकत

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में मिली सफलता को इस वर्ष भी बरकरार रखते हुए सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित करते हुए गत 17 माह में कुल 411 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किए जा चुके है। आईजी ने कहा कि सरकार के मंशा व जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीएएफ, बस्तर फाईटर व अन्य सुरक्षाबलों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास के लिए समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। संकल्प नक्सल मुक्त बस्तर मिशन अब केवल एक सपना नहीं बल्कि तेजी से साकार होता हुआ हकीकत है।

## चिंतन

# यात्री विमान हादसा दुखद सभी बिंदुओं की हो जांच

अहमदाबाद में एयर इंडिया का प्लेन क्रैश अत्यंत दुखद हादसा है। इस हृदय विदारक हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का भी निधन हो गया। भारत के एविएशन इतिहास में भारतीय विमानन संचालन प्रक्रिया काफी सुरक्षित है और विमान सुरक्षा के सभी मानदंडों का कड़ाई से पालन होता है, इसके बावजूद एयर इंडिया की इंटरनेशनल उड़ान का दुर्घटनाग्रस्त हो जाना तकनीकी स्तर पर चिंता पैदा करता है। आधुनिक समय में विमान इंजीनियरिंग से लेकर सॉफ्टवेयर तक सभी आधुनिक और अपडेटेड हैं, टेक ऑफ से पहले सभी सुरक्षा जांच होती है, इसके बाद भी ऐसे हादसे सिस्टम की चूक के बिना संभव नहीं हैं। विमान हादसे में तीन प्रमुख कारण होते हैं, मानवीय चूक, तकनीकी खराबी और अप्रत्याशित बाहरी कारण। एयर इंडिया का यह लंदन जा रहा विमान जिस तरह से उड़ान भरने के तीन मिनट के भीतर आग के गोले में तब्दील होकर क्रैश हो गया, उससे तकनीकी खराबी की आशंका अधिक है। ब्लैक बॉक्स मिलने व जांच के बाद असली वजह का पता चलेगा। इस हादसे की वजह से एयर इंडिया व विमान निर्माता कंपनी बोइंग दोनों की साख पर आंच आई है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के अनुसार, एआई-171 ने दोपहर 1 बजकर 39 मिनट पर अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से उड़ान भरी थी। करीब 15 किमी उड़ने के बाद विमान क्रैश कर गया। यह विमान क्रैश होने के बाद जिस अस्पताल के हॉस्टल पर गिरा, उसके लिए भी जानलेवा बन गया। अमेरिकी विमानन कंपनी बोइंग का ड्रीमलाइनर विमान काफी अपडेटेड व सुरक्षित माना जाता है, इसके बाद भी इसका क्रैश होना कंपनी की तकनीकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। बोइंग के कई विमान इससे पहले भी क्रैश हुए हैं, हालांकि कंपनी का कहना है कि बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान पहली बार क्रैश हुआ है। वर्ष 2018, 2019 और इस विमान को अपडेट करने के बाद 2024 में भी यह विमान क्रैश हुआ था, जिसमें 500 लोगों से अधिक की जान चली गई थी। भारत में इससे पहले वर्ष 2020 में 7 अगस्त को कोझिकोड (कालीकट) में दुबई से आ रहा विमान कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2010 में 22 मई को विमान मैंगलोर में रनवे से फिसल गया, जिसमें 158 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2000 में 17 जुलाई को एलायंस एयर की उड़ान पटना में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें 60 से अधिक लोग मारे गए थे। वर्ष 1996 में 12 नवंबर को हरियाणा के चरखी दादरी में सऊदी अरब एयरलाइंस बोइंग 747 और कजाकिस्तान एयरलाइंस इल्यूशिन आईएल-76 विमान दिल्ली के पास टकरा गए, जिससे दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोग मारे गए थे। वर्ष 1993 में 26 अप्रैल को औरंगाबाद में विमान हादसे में 55 लोग मारे गए थे। वर्ष 1991 में 16 अगस्त को इंफाल में हवाई दुर्घटना हुई, सभी 69 लोग मारे गए। वर्ष 1990 में 14 फरवरी को बेंगलुरु हवाई दुर्घटना में 92 लोग मारे गए थे। वर्ष 1988 में 19 अक्टूबर को अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना में 133 लोग मारे गए थे। मुंबई में वर्ष 1982 में 21 जून को प्लेन क्रैश में 17 लोग और वर्ष 1978 की 1 जनवरी को 213 लोग मारे गए थे। नागर विमानन विभाग को गहराई से इस हादसे की जांच करनी चाहिए। विमानन कंपनी बोइंग के अंदर भी विमान निर्माण के दौरान कई खामियों को पूर्व में कंपनी के कई पूर्व कर्मचारियों व व्हिसिल ब्लोअरों ने उजागर किया है, इसलिए जांच में इस पक्ष को भी शामिल किया जाना चाहिए।



## सियासत
राज कुमार सिंह

**भारत जैसे विशाल देश में जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने और अंतिम आंकड़े आने में लंबा समय लग सकता है। ऐसे में इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव ही नहीं, अगले साल होने वाले असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनाव भी जाति जनगणना के शोर और उसके श्रेय के दावों-प्रतिदावों के बीच ही निपट जायेंगे। अगर जनगणना के बीच भी सूत्रों के हवाले से आंकड़े बताकर चुनाव को प्रभावित करने की आशंका है, तो समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि अंतिम आंकड़े, उनके आधार पर परिसीमन तथा उसके बाद महिला आरक्षण तो चुनावी राजनीति की तस्वीर ही बदल सकता है।**

# जाति जनगणना पर टिकी राजनीति

नरेंद्र मोदी सरकार ने जाति जनगणना प्रक्रिया की औपचारिक घोषणा कर दी है। घोषित कार्यक्रम से स्पष्ट है कि प्रक्रिया लंबी चलेगी और भावी राजनीति पर दूरगामी असर डालेगी। घोषणा के मुताबिक अप्रैल से सितंबर, 2026 तक घरों को सूचीबद्ध किया जाएगा। उसके बाद लोगों की गिनती होगी। दरअसल जाति जनगणना दो चरणों में होगी। एक अक्तूबर, 2026 से पहले चरण में पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड में जनगणना होगी। दूसरे चरण में एक मार्च, 2027 से शेष सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना होगी। जाहिर है, भारत जैसे विशाल देश में जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने और अंतिम आंकड़े आने में लंबा समय लग सकता है। ऐसे में इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव ही नहीं, अगले साल होने वाले असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल एवं पुडुचेरी तथा 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर, गुजरात और गोवा विधानसभा चुनाव भी जाति जनगणना के शोर और उसके श्रेय के दावों-प्रतिदावों के बीच ही निपट जायेंगे। बेशक इससे बचने का कोई विकल्प नहीं है। हमारे राजनीतिक दल तो वैसे भी हर मुद्दे को चुनाव में भुनाने में माहिर हैं। नियमानुसार यह जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना आ गया।

कोरोना के बीच ही सावधानियों के साथ कई राज्यों में चुनाव तो कराये गये, लेकिन जनगणना नहीं। पांच साल विलंब से लंबित जनगणना में अब जातियों की गणना भी की जाएगी। हमारे देश में जाति जनगणना भले ही आजादी के बाद पहली बार हो रही हो, पर उस पर राजनीति पुरानी है। कांग्रेस और भाजपा, दोनों की छवि अतीत में जाति जनगणना विरोधी की रही है, लेकिन अब वे ही उसका श्रेय लेना चाहती हैं। सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जाति जनगणना को देश और समाज की विकास योजनाओं के लिए उपयोगिता से जोड़ कर पेश कर रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी कह रहे हैं कि यह तो पहला कदम है, हमें आगे जाकर पता करना है कि उच्च पदों में किसकी कितनी हिस्सेदारी है। सामाजिक न्याय के नाम पर राजनीति करने वाले लालू यादव, नीतीश कुमार और अखिलेश यादव में भी श्रेय की होड़ शुरू हो गयी है। समझ पाना मुश्किल नहीं कि सारा खेल सत्ता-राजनीति का है। जनगणना केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का विषय होते हुए भी बिहार, कर्नाटक और तेलंगाना राज्य सरकारों ने जाति सर्वे का दांव चला। इसीलिए जाति जनगणना कराने के मोदी सरकार के फैसले में भी राजनीतिक दबाव की भूमिका मानी जा रही है। अंग्रेजों के शासनकाल में 1881 में पहली बार भारत में जाति जनगणना हुई थी और 1931 तक हर दस साल बाद होती रही। जाति जनगणना कराई तो 1941 में भी गई, पर उसके आंकड़े जारी नहीं किये गये। आजादी के बाद भारत सरकार ने सामाजिक विभाजन बढ़ने की आशंका के मद्देनजर जाति जनगणना न कराने का फैसला किया। हां, जनगणना में एससी-एसटी वर्ग के आंकड़े दर्ज किये जाते रहे। कांग्रेसनीत संप्रग शासनकाल में 2011 की जनगणना में सामाजिक-आर्थिक स्थिति और जाति के आंकड़े तो जुटाये गये, लेकिन जारी नहीं किये गये। जनगणना के इंतजार में चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन भी रुका हुआ है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के



लिए आरक्षण भी परिसीमन के बाद ही लागू होगा। इसलिए जाति जनगणना और उसके आधार पर होने वाला चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन तथा महिलाओं के लिए आरक्षण भारत की चुनावी राजनीति पर दूरगामी असर डालने जा रहा है, जिसका अभी आकलन कर पाना भी बेहद मुश्किल है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए यह आदर्श स्थिति तो हरगिज नहीं है, पर इस सच से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि धर्म और जाति महत्वपूर्ण चुनावी कारक बन गये हैं। शायद इसलिए भी, जाति जनगणना के विरोधी समझे जाते रहे राजनीतिक दलों में भी अब उसकी होड़ नजर आती है।

जाति जनगणना की घोषणा के बाद उसकी पहली चुनावी परीक्षा इसी साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में होगी। सबसे पहले जाति सर्वे वाला बिहार ही बताएगा कि यह मोदी सरकार का 'मास्टर स्ट्रोक' साबित होता है या विपक्ष के दबाव में लिया गया फैसला। 1990 में भारतीय राजनीति के मंडल-कमंडल के बीच ध्रुवीकरण के बाद भाजपा की हिंदुत्ववादी राजनीति का जादू सिर चढ़ कर बोला है, लेकिन उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में ओबीसी नेताओं से उसे कड़ी चुनौती मिली है। ये सभी डॉ. राममनोहर लोहिया और चौधरी चरण सिंह की समाजवादी-लोकदली राजनीति से निकले हैं। लोहिया ने ही सबसे पहले नारा दिया था 'संसोपा ने बांधी गांठ, पिछड़े पावें सौ में साठ'। बाद में बसपा संस्थापक कांशीराम ने भी नारा दिया 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी'। मंडल आयोग का गठन 1979 में गैर कांग्रेसी यानि जनता पार्टी सरकार ने किया था, तो 52 प्रतिशत ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की उसकी सिफारिशों को लागू करने का फैसला भी 1990 में गैर कांग्रेसी यानि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने ही किया। वीपी सिंह सरकार द्वारा आनन-फानन में मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करते समय कांग्रेस और भाजपा विरोध में थीं, लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से भाजपा का राजनीतिक चरित्र तेजी से बदलता गया। उच्च वर्गों की पार्टी कही जाने वाली भाजपा को पिछले तीन लोकसभा चुनावों, और ज्यादातर विधानसभा चुनावों में भी, अन्य दलों से ज्यादा ओबीसी वोट मिले तो दलित वर्ग में भी उसकी पैठ बढ़ी। भाजपा में इन वर्गों का प्रतिनिधित्व भी बढ़ा है। मंडल-कमंडल ध्रुवीकरण से पहले ये वर्ग कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक थे। कांग्रेस भी समझ गयी है कि पिछड़े और दलित वर्गों का समर्थन वापस पाये बिना सत्ता में वापसी संभव नहीं। जब बिहार में जाति सर्वे कराया गया, तब नीतीश राजद- जदयू-कांग्रेस महागठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री थे, पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का सूत्रधार होने के बावजूद संयोजक तक न बनाये जाने पर खफा होकर वापस भाजपा के पाले में चले गये। इसलिए वहां जाति जनगणना का श्रेय महागठबंधन और राजग, दोनों लेना चाहेंगे। बेशक, बिहार समेत अन्य राज्यों में भी अंतिम फैसला मतदाता ही करेंगे। अगर जनगणना के बीच भी सूत्रों के हवाले से आंकड़े बताकर चुनाव को प्रभावित करने की आशंका है, तो समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि अंतिम आंकड़े, उनके आधार पर परिसीमन तथा उसके बाद महिला आरक्षण तो चुनावी राजनीति की तस्वीर ही बदल सकता है। अभी तक जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या तय होती रही है। इसीलिए दक्षिण भारतीय राज्यों को आशंका है कि जनसंख्या नियंत्रण बेहतर ढंग से लागू करने का अब उन्हें राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है, क्योंकि अधिक जनसंख्या वृद्धि वाले उत्तर भारतीय राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। इसी आशंका से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन दक्षिण भारतीय राजनीतिक गोलबंदी में भी जुट गये हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## आत्मनिर्भर राष्ट्र
भूपेन्द्र भारतीय



# सुनिश्चित होता दिख रहा विकसित भारत का स्वप्न

पिछले 11 वर्षों में आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में भारत को विकसित होते देखना उत्साहवर्धक है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल प्रशासन और उनके दृढ़ संकल्पों से ही संभव हो पाया है। कहते हैं कि परिवर्तन एक क्रमिक नियम है और अगर हम इस परिवर्तन के पथ पर बढ़ेंगे तो अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का यह मानना है कि देश के युवा अगर अपनी क्षमताओं और कर्तव्यों का निर्वहन करना आरम्भ करें तो देश एक विकसित राष्ट्र के रूप में तीव्र गति से उभर सकता है। सबसे बड़ी बात यह कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने भारत की 140 करोड़ जनसंख्या में यह विश्वास पैदा करने में सफलता पाई कि समाज को भी देश के प्रति कुछ त्याग करना आवश्यक है तथा देश को आगे बढ़ने के लिए हमें कुछ कड़वे तथा कठोर नियम कानूनों को मानना पड़ेगा। तब कहीं कोई भी सरकार सामाजिक, आर्थिक न्याय पूर्णतः कर सकती है। मोदी सरकार ने डिजिटल पहलों, तकनीकी प्रगति, सामाजिक कल्याण योजनाओं, वित्तीय समावेशन, स्वच्छ ईंधन, स्वच्छ वातावरण, रक्षा क्षमता और सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं के प्रोत्साहन पर महत्व दिया है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत जैसी कई योजनाएं सामाजिक असमानताओं को कम करने और गरीबी रेखा से ऊपर उठने के लक्ष्य के साथ आरंभ की गई हैं। मनमोहन सिंह सरकार ने भी 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' और 'सर्व शिक्षा अभियान' जैसी योजनाओं के माध्यम से सामाजिक विकास को बढ़ावा दिया था। इन तथ्यों से निष्कर्ष यही निकलता है कि कुछ पैमानों पर मोदी सरकार तो कुछ पर मनमोहन सरकार बेहतर दिखाई पड़ती हैं। लेकिन फ़िर भी अंतिम वाक्य के रूप में यह कहा जा सकता है कि मोदी सरकार यूपीए की तुलना में अधिक बेहतर नज़र आती है। इसने दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत को धरातल पर वास्तव में उतारा। विकास को राष्ट्र के अंतिम व्यक्ति के लिए सुनिश्चित किया। भ्रष्टाचार पर बड़े स्तर पर अंकुश लगाकर विकसित भारत की नींव रख दी है। विगत दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से देश के युवाओं का आह्वान किया कि करीब एक हजार युवा गैर राजनीतिक परिवारों से राजनीति में आयें और देश की राजनीतिक व्यवस्था में भागीदार बनें। इसलिए पिछले दिनों प्रधान सेवक ने देश को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए देश में एक 'विकसित भारत 2047' के माध्यम से योजनाओं एवं उसके क्रियान्वयन के लिए युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की पहल की है। इसका उद्देश्य युवाओं को एक मंच प्रदान करना है जहां युवा अपनी क्षमताओं और कौशल के माध्यम से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें। विकसित भारत, एक दूरदर्शी अवधारणा का प्रतिनिधित्व करता है जो विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र के व्यापक परिवर्तन की कल्पना करता है। इस दृष्टिकोण में आर्थिक समृद्धि, सामाजिक समावेशिता, तकनीकी उन्नति, पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक समानता-न्याय और वैश्विक नेतृत्व शामिल हैं। 33 करोड़ जनधन बैंक खाते खोल कर सरकारी योजनाओं में होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने का काम किया है "लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में" क्या इसमें दलित, वांचित, अनुसूचित जाति जनजाति नहीं है ? प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लगभग 3 करोड़ ग़रीबों को पक्के घर बना कर दे दिए गए हैं। गांवों में बैंक खाते ना होने के कारण नरेगा में कितना भ्रष्टाचार होता था क्या किसी से छुपा है। वास्तव में यही सच्चा सामाजिक व आर्थिक न्याय है जो विकसित भारत की सुदृढ नींव रखता है। नरेन्द्र मोदी सरकार के सामाजिक, आर्थिक न्याय से सुनिश्चित होता विकसित भारत का स्वप्न निरंतर साकार हो रहा है और विश्व के अनेक शक्तिशाली देश इसकी सराहना कर रहे हैं। भारतीय नागरिकों को सामाजिक के साथ आर्थिक न्याय प्रदान करना मोदी सरकार का ऐतिहासिक कार्य है। इस कारण ही देश की जनता ने 2024 में तीसरी बार पुनः मोदी सरकार को ही चुना व विकसित राष्ट्र के लिए देश का नेतृत्व पुनः नरेंद्र मोदी के हाथों में दिया। यह सरकार विकसित भारत 2047 के कार्य में भी जोर-शोर से लग गई है। विकसित भारत का स्वप्न कोरी कल्पना नहीं है, मोदी सरकार के निर्णयों में इस स्वप्न को धरातल पर उतारने के सारे लक्षण दिख रहे हैं। आज भारत रक्षा, अंतरिक्ष, वित्तीय, सामरिक मामलों, राष्ट्र सुरक्षा, दुश्मनों को उनके घर में घुसकर जवाब देना, शिक्षा, स्वरोजगार आदि मामलों में किसी पर निर्भर नहीं है। यही से नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा विकसित भारत के लिए किये जा रहे कार्यों व निर्णयों को आसानी से देखा जा सकता है।

(लेखक अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
## दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
## प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रिश्तों की लाशों पर खड़ा आधुनिक प्रेम

इंदौर के राजा और सोनम के हनीमून पर हुई हत्या की घटना न केवल व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि सामाजिक, नैतिक और मानसिक स्तर पर गहरी चिंता पैदा करती है। यह अपराध आधुनिक प्रेम और विवाह संबंधों में फैलते अविश्वास और स्वार्थ की भयावह तस्वीर पेश करता है। साथ ही, मेघालय जैसे पर्यटन स्थलों की छवि भी प्रभावित होती है। ऐसी घटनाएं भावनात्मक शिक्षा, रिश्तों में पारदर्शिता और समाज के नैतिक मूल्यों की पुनर्समीक्षा की मांग करती हैं। भारत के सामाजिक परिदृश्य में प्रेम, विवाह और रिश्तों को पवित्र बंधन माना जाता रहा है, लेकिन जब हनीमून ही हत्या का मंच बन जाए, तो यह सिर्फ एक अपराध नहीं होता, यह पूरे समाज की अंतरात्मा पर चोट करता है। – *संजय यादव, भाटापारा*

## ट्रेंड

### डिजिटल अर्थव्यवस्था



मोदी सरकार ने प्रौद्योगिकी के उपयोग को लोकतांत्रिक बनाया और व्यापार क्षेत्र के लिए इसकी शक्ति का दोहन किया, जिससे भारत पिछले 11 सालों में दुनिया में एक अग्रणी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### हमला दुर्भाग्यपूर्ण



बांग्लादेश में स्थित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास पर हुआ हमला अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। यह हमला भारत और बांग्लादेश दोनों देशों के राष्ट्रगान रचने वाले, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ जी के विचारों को कुचलने का प्रयास है।
-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### इस्तीफा देने की मांग



1950 के दशक में जब रेल पटरी से उतर गई थी, तब लाल बहादुर शास्त्री ने इस्तीफा दे दिया था। उसी नैतिकता के आधार पर मैं प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू से इस्तीफा देने की मांग करता हूं ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच हो सके।
-सुब्रमण्यम स्वामी, पूर्व केंद्रीय मंत्री

### जांच में रखें ध्यान



खालिस्तानी गुरूपतवंत सिंह पन्नू ने एयर इंडिया विमान में विस्फोट की धमकी दी थी, ये वही पन्नू है जिसे अमेरिका ने अपने यहाँ संरक्षण दे रखा है। जांच को इसे ध्यान में रखकर किया जाए।
-आईपी सिंह, पूर्व राज्य मंत्री, उप्र

## करंट अफेयर

# रूस में नवलनी के सहयोगी को 18 साल जेल की सजा



रूस में असहमति रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई के बीच अदालतों ने एक विपक्षी नेता को उसकी अनुपस्थिति में दोषी ठहराया जबकि एक अन्य नेता को नजरबंद करने का आदेश दिया है। रूस के विपक्षी नेता दिवंगत एलेक्सी नवलनी के करीबी सहयोगी लियोनिद वोल्कोव को बुधवार को आपराधिक आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद 18 साल जेल की सजा सुनाई गई। रूसी समाचार एजेंसियों के अनुसार, मॉस्को की एक अदालत ने वोल्कोव को 40 मामलों में दोषी ठहराया, जिनमें आतंकवाद को उचित ठहराना, एक चरमपंथी समूह को संगठित करना और उसकी वित्तीय मदद करना, नाजीवाद का समर्थन और नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक गैर-सरकारी संगठन बनाना शामिल है। वोल्कोव पर 20 लाख रूबल (लगभग 25,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया तथा 10 वर्ष के लिए इंटरनेट के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया। नवलनी के क्षेत्रीय कार्यालयों और चुनाव अभियानों के प्रभारी रहे वोल्कोव अधिकारियों के दबाव के कारण कई साल पहले रूस छोड़कर चले गए थे। उन्होंने 2021 से 2023 के बीच नवलनी के भ्रष्टाचार विरोधी फाउंडेशन का नेतृत्व किया।

## ऑफ बीट

# कैंसर के जोखिम का कारण वह नहीं जो आप सोचते हैं



अगर आप लोगों से पूछें कि कैंसर किस वजह से होता है, तो शायद अधिकतर अपने जवाब में धूम्रपान, शराब पीने, सूरज की किरणों और बालों को रंगने वाली डाई जैसी चीजों को गिनाएंगे। लेकिन कैंसर के लिए सबसे प्रमुख जोखिम वाला कारक कुछ और है और वह है उम्र बढ़ना या बुढ़ापा आना (एजिंग)। यह बात सही है, कैंसर से जुड़ा सबसे बड़ा कारक अपरिहार्य है और यह एक ऐसी स्थिति है जिसका हम सभी अनुभव करेंगे। यह क्यों महत्वपूर्ण है? कनाडा और दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती आबादी वृद्ध लोगों की है। 2068 तक, लगभग 29 प्रतिशत कनाडाई 65 वर्ष से अधिक आयु के होंगे। वृद्ध लोगों में कैंसर सबसे आम बीमारियों और कनाडा में सबसे आम बीमारियों में से एक है, इसका मतलब है कि हमें वृद्ध लोगों के लिए सबसे अच्छी कैंसर देखभाल प्रदान करने के बारे में सोचना होगा। जनसांख्यिकीय बदलाव : तो अब तक हम किस तरह काम कर रहे हैं? जवाब है : बहुत अच्छा नहीं। यह आश्चर्यजनक हो सकता है, लेकिन हमारे पास कैंसर देखभाल में इस जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए कुछ नया करने और तैयारी करने का एक शानदार अवसर भी है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।






चाइल्ड आर्टिस्ट्स

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है। बच्चों के लिए उसके पापा किसी सुपर हीरो से कम नहीं होते। फादर्स-डे के मौके पर कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि किन खूबियों की वजह से वे अपने पापा को दुनिया का बेस्ट पापा मानते हैं। साथ ही ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं कि इस बार फादर्स-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे।

# माय पापा इज द बेस्ट

## पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूड: आर्यन प्रजापति




**आर्यन प्रजापति** एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक का रोल प्ले कर रहा है, जो दर्शकों को खूब भा रहा है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, हंसते हुए बताता है, 'मैं एक कार्ड बना रहा हूं, जिसमें मैं पापा के लिए अपनी फीलिंग्स लिखूंगा। साथ ही मैं उनका फेवरेट केक भी लाऊंगा। हम सब मिलकर घर पर छोटा सा सेलिब्रेशन करेंगे। पापा को क्रिकेट बहुत पसंद है, तो मैंने सोचा है कि हम दोनों मिलकर पास के मैदान में क्रिकेट खेल कर थोड़ा टाइम स्पेंड करेंगे। इस फादर्स-डे मैं अपने पापा को यह जताना चाहता हूं कि वो मेरे लिए बहुत स्पेशल हैं।' पापा की वो बात जो आर्यन के लिए जिंदगी भर के लिए सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा अकसर कहते हैं कि जब हम अपना काम पूरी मेहनत, ईमानदारी से करते हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है।' आर्यन के लिए उसके पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूड। चाहे कितनी भी बड़ी टेंशन हो, वो हमेशा शांत रहते हैं। बहुत ही सुलझे तरीके से सिचुएशन को हैंडल करते हैं। वो ना सिर्फ एक अच्छे पापा हैं, मेरे बेस्ट फ्रेंड और मेंटर भी हैं। मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा बहुत हार्डवर्किंग हैं आरिया सकारिया



**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में लछमा का रोल कर रही आरिया सकारिया फादर्स-डे को लेकर काफी उत्साहित है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, आरिया बताती है, 'इस दिन मैं अपने पापा को लेकर बाहर घूमने जाऊंगी। हम बाहर ही ब्रेकफास्ट करेंगे, शॉपिंग करेंगे और मूवी देखेंगे।' पापा की कोई ऐसी बात, जो आरिया के लिए जिंदगी भर का एक सबक बन गई हो, यह पूछने पर वह बताती है, 'मेरे डैड ने मुझे सिखाया है कि लाइफ में कोई भी प्रॉब्लम आ जाए, कभी हार मत मानना, क्योंकि कोई भी ऐसी प्रॉब्लम नहीं है, जिसका सॉल्यूशन न हो। पापा की यह बात मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा सबक है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी।' आरिया की नजर में उसके पापा की वह क्वालिटी, जो उन्हें बेस्ट पापा बनाती है, वह बताती है, 'मेरे डैड की सबसे अच्छी क्वालिटी यह है कि वो मेरी मॉम की बहुत रेस्पेक्ट करते हैं। वह हर काम में मां की हेल्प करते हैं। मेरे पापा बहुत हार्ड वर्किंग हैं। चाहे जितना भी थक गए हों, वो हमारे साथ जरूर टाइम स्पेंड करते हैं! इन्हीं वजहों से मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा ने दी है सीख कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए : अहनाफ खत्री



**जी टीवी** के शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन की भूमिका निभा रहा अहनाफ खत्री के लिए उसके पापा उसकी लाइफ में सबसे इंपॉर्टेंट हैं। वह कहता है, 'मुझे अपने पापा से बहुत प्यार है, वो मेरे लिए खुद से भी ज्यादा इंपॉर्टेंट हैं।' अहनाफ ने इस बार फादर्स-डे पर क्या कुछ खास प्लान कर रखा है, वह बताता है, 'अबकी मैं फादर्स-डे बहुत स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट करूंगा। मैं अपने पापा के साथ घूमने जाऊंगा। हमारे साथ कोई और नहीं होगा, सिर्फ मैं और मेरे पापा होंगे। मेरे पापा को नाइनटीज के गाने बहुत पसंद हैं। इसलिए मैंने पापा के लिए एक स्पीकर मंगवा लिया है। यह फादर्स-डे पर मेरी तरफ से पापा के लिए सरप्राइज गिफ्ट होगा।' अहनाफ से यह पूछने पर कि वह अपने पापा की कोई ऐसी क्वालिटी बताए, जो उन्हें वर्ल्ड का बेस्ट पापा बनाती है, वह तुरंत जवाब देता है, 'कोई एक क्वालिटी नहीं, पापा की सारी क्वालिटीज उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं।' अहनाफ के लिए पापा की बताई कौन-सी बात उसके लिए बहुत बड़ा सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा मुझसे हमेशा कहते हैं- 'ट्राय ट्राय टिल यू सक्सीड और कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए। मुझे उनकी ये बात हमेशा याद रहेगी।' *



## वह मेरे आइडियल, मेरे बेस्ट फ्रेंड हैं: उर्वा सावलिया



**उर्वा सावलिया** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के पीरियड ड्रामा 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में पृथ्वीराज चौहान के बचपन का रोल निभा रहा है। उर्वा की इस बार फादर्स डे पर क्या प्लानिंग है, इस सवाल पर वह जवाब देता है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैंने अपनी मम्मी के साथ मिलकर अपने पापा के लिए एक खास सरप्राइज प्लान किया है, लेकिन इसे अभी बताऊंगा नहीं, बता दिया तो सरप्राइज कैसा।' उर्वा अपने पापा की वो क्वालिटीज बताता है, जो उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा हमेशा से मेरे लिए हीरो रहे हैं। उनके मार्गदर्शन ने मुझे हर मुश्किल घड़ी में रास्ता दिखाया और एक ताकत दी है। मेरे पापा ना सिर्फ मेरे आइडियल हैं, बल्कि मेरे बेस्ट फ्रेंड भी हैं। मुझे उनकी सादगी सबसे ज्यादा पसंद है। उसी सादगी और संयम को मैं भी अपनाना चाहता हूं। मेरे पापा मेरे लिए एक पावर हाउस की तरह हैं।' *



प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

फीलिंग्स / मोनिका शर्मा

# पापा को दो प्यार भरा सरप्राइज

बच्चो, हर साल की तरह इस बार भी तुमने जरूर फादर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग की होगी। इस प्लानिंग के साथ तुम कुछ अलग तरीके से फादर्स-डे सेलिब्रेट कर अपने लविंग पापा को सरप्राइज कर सकते हो। कैसे, जानो।



बच्चो, तुम्हारे हर स्पेशल दिन पर सरप्राइज देने वाले पापा को फादर्स-डे पर तुम भी सरप्राइज दे सकते हो। पापा के दिल को छू जाने वाला कुछ करके, तुमको भी बहुत खुशी मिलेगी। पापा के लिए तो यह सदा के लिए एक यादगार दिन बन जाएगा। इस बार फादर्स-डे पर पापा को हैप्पी और डिलाइटफुल, आश्चर्य में डालने वाले प्यारे काम करना ना भूलना।

**प्यारा वीडियो मैसेजः** पापा तुमको सुपरहीरो लगते हैं या लविंग-केयरिंग डैडी। साथ मस्ती करने वाले दोस्त जैसे लगते हैं या सलाह देने वाले गाइड। रोल मॉडल हैं या सहज प्यारे से पर्सन। वीडियो में खुलकर हंसते-मुस्कुराते हुए अपने पापा के लिए सब कुछ कह डालो। फादर्स-डे के खास दिन पर विश करते हुए अपने मन की बातें कहने वाला वीडियो पापा को सचमुच स्पेशल फील करवाएगा। अपनी सी बातों को समेटते हुए यूनीक सा वीडियो मैसेज बनाने का आइडिया कमाल कर जाएगा। फादर्स-डे को अलग अंदाज में सेलिब्रेट करने का अंदाज पापा को खूब खुशी देगा।



**लिखो दिल छूने वाला पत्रः** पेंसिल पकड़ने से लेकर अच्छे से पढ़ने-लिखने तक, तुम्हारी सीखने-समझने की जर्नी का हर दिन पापा के लिए भी बहुत खास होता है। इसीलिए तुम्हारी अपनी हैंडराइटिंग में लिखे लेटर का हर अक्षर पापा के लिए अनमोल होगा। साथ ही तुम्हारी लिखी बातें सदा के लिए एक सहेजने वाला गिफ्ट बन जाएंगी। इस बार डैडी के लिए प्यार, रेस्पेक्ट और प्यारी-प्यारी मेमोरीज को पत्र में लिख डालो। अपने लिखे पत्र में इमोशंस को प्रेजेंट करने के लिए इमोजी भी बनाओ। चुपचाप पापा की अलमारी या तकिए के नीचे अपना पत्र रख दो। इस तरह लिखी गई बातों को पढ़ कर पापा के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।

**आर्टिस्टिक एक्सप्रेशनः** तुम्हारे रंग-बिरंगे चित्र और आड़ी-तिरछी रेखाएं पापा को खूब भाती हैं। इस बार अपने हाथ से सुंदर सा फादर्स-डे कार्ड, पेंटिंग या एक आर्टिस्टिक पीस बनाकर पापा को देना मत भूलना। अपने बनाए आर्ट पीस को सुंदर स्टिकर से सजाकर प्यारा सा मैसेज भी दे सकते हो। कार्ड पर अपने हाथ से बनाई सिंपल पेंटिंग भी बना सकते हो। कोई भी आर्टवर्क डैडी के लिए एक परफेक्ट होममेड गिफ्ट होगा, अफेक्शन से भरा अट्रैक्टिव उपहार। बच्चो, पापा ऐसी बातों को खुलकर बताते नहीं हैं पर तुम्हारा बनाया आर्ट-क्राफ्ट पापा के लिए प्यार जताने का सबसे सुंदर तरीका है। इसे जब भी पापा देखेंगे, उनके चेहरे पर स्माइल आ जाएगी। *

## जीके क्विज-157

1. हाल ही में चर्चा में रहे डी. गुकेश का संबंध किस खेल से है?
2. 51वां जी 7 शिखर सम्मेलन किस देश में आयोजित किया जाएगा?
3. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र का अध्यक्ष किसे चुना गया है?
4. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
5. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
6. सर्वप्रथम किस विदेशी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?
7. कनाडा की राजधानी कहां है?
8. रतौंधी रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
9. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
10. मानव शरीर का कौन-सा अंग खून साफ करने का काम करता है?



बच्चो, जीके क्विज-157 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-156 का उत्तरः** 1.ओपल सुचाता चुआंगसरी, 2.रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 3.शुभमन गिल, 4.वी. एस. रामादेवी, 5. 21 जून, 6.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.गोवा, 8.जापान, 9.वेलिंगटन, 10.क्लोरोफ्लोरोकार्बन

**जीके क्विज-156 का सही उत्तर देने वालेः** निलेश-जांजगीर, मुकेश-बिलासपुर, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, आशीष-भोपाल

## हंसगुल्ले

**पापाः** लड़के को अंग्रेजी में 'ही' कहते हैं, तो कई लड़कों को अंग्रेजी में क्या कहेंगे?
**सोनू (कुछ देर सोचने के बाद):** पापा, जितने लड़के होंगे, उतने 'ही ही ही ' कहेंगे।
**-गोपी, बिलासपुर**

**एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े रिंकू से पूछाः** यह कौन-सा स्टेशन है?
**रिंकूः** अंकल, यह रेलवे स्टेशन है।
**राशि, रायपुर**



**चुन्नू बर्फ का टुकड़ा उठा कर उसे घूरे जा रहा था... पापा ने पूछाः** क्या देख रहे हो?
**चुन्नूः** देख रहा हूं कि यह लीक कहां से हो रहा है?
**-कोकिला, रोहतक**



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

# कितने अच्छे पापा!

विपुल को यही लग रहा था कि सोसाइटी में होने वाले शतरंज का फाइनल मैच हार जाएगा, जबकि वह कई बार फाइनल मैच जीत कर शतरंज बालश्री का पुरस्कार पा चुका था। इधर दो बार से वह फाइनल मैच में हार जा रहा था। लेकिन पापा ने उसकी जीत के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश की। क्या इसके बाद विपुल फाइनल मैच में विजयी हुआ?



शनिवार की सुबह थी। विपुल बहुत बेचैन था। उसकी बेचैनी का कारण जून महीने की गर्मी नहीं थी। वह इसलिए बेचैन था, क्योंकि अगले दिन इतवार को उसका शतरंज का फाइनल मैच था। उसे डर लग रहा था कि कहीं पिछली दो बार की तरह इस बार भी वह फाइनल मैच में हार न जाए।

विपुल जिस हाउसिंग सोसाइटी में रहता है, उसमें बहुत सारे फ्लैट हैं। उस सोसाइटी में हर वर्ष जून और दिसंबर की स्कूल की छुट्टियों में बच्चों के लिए खेल-कूद की अनेक प्रतियोगिताएं होती हैं। विपुल शतरंज की प्रतियोगिता में भाग लेता है। वह फाइनल में जीतकर शतरंज बालश्री का पुरस्कार कई बार पा चुका है। लेकिन पिछले साल जून और दिसंबर में हुई शतरंज प्रतियोगिता में जीतते-जीतते वह फाइनल तक तो पहुंच गया था, पर फाइनल मैच में हार गया था। इसलिए उसे डर सता रहा था कि वह कहीं इस बार भी हार न जाए। वह इसी सोच में गुमसुम-सा बैठा था। तभी विपुल के पापा उसके पास आए और बोले,'बेटा, आज तो मेरे ऑफिस की छुट्टी है। चलो, शतरंज खेलते हैं।'

विपुल के पापा शतरंज के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने शतरंज की कई बड़ी प्रतियोगिताओं में बहुत से पुरस्कार जीते हैं। विपुल आज तक पापा से शतरंज में जीत नहीं पाया है। पापा के साथ खेलते हुए उसे लग रहा था कि वह आज भी हार जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कुछ देर बाद वह जीत गया और पापा हार गए।

विपुल की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था, क्योंकि वह पहली बार पापा से जीता था। तभी पापा बोले, 'आओ, एक बाजी और खेलते हैं।' इस बार तो विपुल को पूरी उम्मीद थी कि वह हार जाएगा, लेकिन इस बार भी वह जीत गया। उस दिन शाम तक विपुल ने पापा के साथ शतरंज की आठ बाजियां खेलीं और सभी में वह जीत गया। यह देख पापा विपुल से बोले, 'बेटा, अगर तुम मुझे हरा सकते हो तो फिर कल के मैच में एक बच्चे को क्यों नहीं हरा सकते?'

विपुल को अब अपने आप पर विश्वास हुआ कि वह कल का मैच जीत सकता है।

अगले दिन जब शतरंज का फाइनल मैच शुरू हुआ तो विपुल के पापा भी मैच देखने गए। पापा को अपने आस-पास पाकर विपुल पूरे आत्मविश्वास से खेलने लगा और दूसरे बच्चे को हराकर जीत भी गया। दोपहर बाद प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित हुए और विपुल को शतरंज बालश्री पुरस्कार प्रदान किया गया। घर आते हुए खुशी के मारे उसके पांव जमीन पर नहीं पड़ रहे थे।

शाम को पापा को बस से भोपाल के लिए निकलना था। लगभग बारह घंटे की बस यात्रा थी। अगले दिन सुबह से वहां उनकी एक हफ्ते की सरकारी ट्रेनिंग थी। खाना खाते हुए विपुल ने पूछा, 'पापा, आप वापस कब आएंगे?'

'इतवार सुबह की राजधानी ट्रेन से आऊंगा। इस ट्रेन में तो सात घंटे ही लगेंगे। दोपहर बाद तक घर पहुंच जाऊंगा।' पापा ने जवाब दिया। यह सुनकर विपुल बोला,'पापा, आप राजधानी से वापस आएंगे तो फिर राजधानी से ही क्यों नहीं गए? बस से तो टाइम भी ज्यादा लगेगा और बस में गर्मी और भीड़-भाड़ भी होगी। आप ठीक तरह से सो भी नहीं पाएंगे। कल सुबह भोपाल पहुंचेंगे तो बिना आराम किए आपको ट्रेनिंग के लिए जाना होगा।'

'हां, यह तो है।' पापा बहुत आहिस्ता से बोले।

'पापा, आप आज दिन में राजधानी से जाते तो आराम से एसी ट्रेन का सफर करते और रात को ठीक तरह से सो भी पाते।' विपुल की इस बात का पापा ने कोई जवाब नहीं दिया और चुपचाप खाना खाते रहे।

तभी मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम्हारे पापा आज सुबह इसलिए ट्रेन से नहीं गए ताकि वे मैच जीतने के लिए तुम्हारा हौसला बढ़ा सकें।'

यह सुनकर विपुल बहुत भावुक हो उठा, बोला, 'पापा, आप मेरे लिए इतना कष्ट सहकर जाएंगे भोपाल, जबकि आप बड़े आराम से ट्रेन से जा सकते थे।' मम्मी फिर बोलीं, 'और यह जो कल तुमने अपने पापा को आठ बार हराया है न, यह भी कोई अपने-आप नहीं हो गया। तुम्हारे पापा शतरंज के इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि बड़े-बड़े खिलाड़ी इनसे नहीं जीत पाते, लेकिन तुम इनसे कैसे जीत गए, वह भी एक ही दिन में लगातार आठ बार! सोचा क्या तुमने?'

मम्मी की बात सुनकर विपुल सोच में पड़ गया। मम्मी आगे बोलीं, 'बेटा, यह भी तुम्हारे पापा की ही सोची-समझी तरकीब थी। ये जानबूझकर तुम से आठ बार हारे थे ताकि तुम्हारा आत्मविश्वास लौट आए और तुम आज का फाइनल मैच जीत सको।'

मम्मी की बात सुनकर विपुल उठा और पापा के गले लगकर बोला, 'पापा, आप कितने अच्छे हैं..!'

पापा भी प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरने लगे। *



कविता / देवी प्रसाद गौड़

## मेरे फौजी पापा

सदा फूल से खिलते पापा,
हंसते-हंसते घर में आते।
कहां छुपी है परी हमारी,
सबसे पहले मुझे बुलाते।।
जब भी पापा घर में आते,
तरह-तरह की टॉफी लाते।
मधुर मंद मुस्काते जाते,
एक-एक कर मुझे दिखाते।।
टॉफी देख पंख लग जाते,
मैं घर में उड़ने लग जाती।
पापा के कंधे पर बैठी,
भैया से लड़ने लग जाती।।
सर चढ़ी लाड़ली पापा की,
मां, मुझको आंख दिखाती है।
कभी प्यार से कभी झगड़ कर,
भैया का हिस्सा खाती है।।
पापा कहते सब बच्चों में,
बिटिया लगती मुझको प्यारी।
बहुत गर्व है मुझको इस पर,
इसकी बातें सबसे न्यारी।।
रोज सबेरे मुझसे कहती,
पापा मेरी गुल्लक खुलवाओ।
उसमें पैसे और मिलाकर
अच्छी सी बंदूक मंगाओ।।
सुबह-शाम टीवी पर सुनती,
सिंदूरी मान बढ़ाऊंगी।
फौजी पापा की बेटी हूं,
सीमा पर लड़ने जाऊंगी।।
बहुत खुशी है मुझको बिटिया,
सपना साकार कराऊंगा।
अभी बड़ी हो जाओ लाड़ो,
तुमको कप्तान बनाऊंगा।।

## रंग भरो-177

**रंग भरो**-177 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




श्याम, धमतरी


वसनि, रायपुर


सानवी, अंबिकापुर


रितेश, मटियारी


मिष्ठी, महासमुंद


डिंपल, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आतिया-बहादुरगढ़, अंकित-धमतरी, अथर्व-बिलासपुर, डॉली-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, रुपाली-दिल्ली, ट्विंकल-महेंद्रगढ़, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा

## रंग भरो 178



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में भाई-बहन फादर्स डे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस प्यारे से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



तुम्हारे लिए किताब / सुधा श्रीवास्तव


## जीवन पथ-प्रदर्शित करती कहानियां



फादर्स-डे के आस-पास पापा से जुड़ी कोई कहानी मिल जाए तो तुम झटपट पढ़ डालोगे। असल में हर बच्चा अपने पापा से भावनात्मक रूप से बहुत जुड़ा होता है। पापा की सीखें, जीवन में पथ-प्रदर्शक का काम करती हैं, बाधाओं को दूर करती हैं, खुशियों से भरती हैं। इंदिरा त्रिवेदी का कहानी संग्रह 'पापा ने सही कहा था' की शीर्षक कहानी पढ़ते समय यही महसूस होता है। कहानी में मिनी परीक्षा नहीं देना चाहती है, क्योंकि उसने सही ढंग से तैयारी नहीं की है। लेकिन उसके पापा प्यार से समझाते हैं, 'तो क्या हुआ बेटा, क्लास में तुमने जो कुछ भी सुना-समझा हो, जो भी जानकारी हो, परीक्षा में आए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में लिख देना।' पापा को विश्वास है, मिनी होशियार है, प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखेगी और अच्छे अंक लाएगी। होता भी यही है। मिनी को समझ में आ जाता है कि बड़े लोग अपने जीवन अनुभव के आधार पर जो कहते हैं, सही कहते हैं। यह भी सही है कि कोशिश करने वाले असफल नहीं होते। इस संग्रह में कुल बारह कहानियां हैं। इन कहानियों में पैरेंट्स, बच्चों को जीवन की जरूरी सीख ही नहीं देते, उन्हें संस्कारवान भी बनाते हैं। संग्रह की कहानियां पढ़ते समय बच्चो, तुम्हें लगेगा, ये तुम्हारे आस-पास की अपनी कहानियां हैं। *

*किताब : पापा ने सही कहा था, लेखिका : इंदिरा त्रिवेदी, मूल्यः 200 रुपए, प्रकाशक : भव्या पब्लिकेशन, भोपाल*

# अभ्यास मैच : मौजूदा फॉर्म और गेंदबाजी संयोजन पर होगी भारतीय टीम प्रबंधन की नजर



एजेंसी ▶▶| बेकेनहैम

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है। यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी श्रृंखला से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।



### खाली स्टेडियम में अभ्यास

मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था।



### गेंदबाजों का होगा आकलन

इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है। इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों।

### टेस्ट श्रृंखला को बनाएं यादगार

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' से बाहर निकलने और संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला को 'यादगार' बनाने को कहा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी।

### हम भारत की चुनौती के लिए तैयार

लंदन। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं।' मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, 'वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं।'

---

## खबर संक्षेप



### सिफत कौर ने 50 मीटर राइफल में जीता कांस्य

म्यूनिख। शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए। नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया।

### भारत की प्रो लीग के चार मैचों में चौथी हार

एम्सटेलवीन। भारत का आखिरी मिनटों में पेनल्टी पर किया गया गोल नाटकीय परिस्थितियों में खारिज कर दिया गया और फिर जुगराज सिंह गोल करने में विफल रहे जिससे टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है। ड्रैग फ्लिकर जुगराज ने चौथे मिनट में ही मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन टॉमस डोमेने (नौवें और 49वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिला दी।


## दो दिन में गिरे 28 विकेट, अफ्रीका 138 रन पर ढेर

# ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका पर बनाई 218 रन की बड़ी बढ़त, दो विकेट बाकी

एजेंसी ▶▶| लंदन

कप्तान पैट कमिंस ने छह विकेट चटकाए। इससे दक्षिण अफ्रीका 138 रन पर ढेर हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दूसरे दिन गुरुवार को यहां दूसरी पारी में आठ विकेट पर 144 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 218 रन तक पहुंचाई। कमिंस की तूफानी गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 57.1 ओवर में सिर्फ 138 रन पर सिमट गई जिससे पहली पारी में 212 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली।

मिचेल स्टार्क ने भी 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। डेविड बेडिंघम 111 गेंद में छह चौकों की मदद से 45 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। कप्तान तेम्बा बावुमा ने 36 रन की पारी खेली। कमिंस की तूफानी गेंदबाजी के सामने हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने अपने अंतिम पांच विकेट सिर्फ 12 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में लुंगी एनगिडी (तीन विकेट) और कागिसो रबाडा (तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 73 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन एलेक्स कैरी (43 रन) और स्टार्क (नाबाद 16) ने आठवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करके टीम की कुल बढ़त को 200 रन के पार पहुंचाया।




### 300 विकेट पूरे करने वाले आठवें ऑस्ट्रेलियाई

कमिंस ने इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट पूरे कर लिए हैं और वह ऐसा करने वाले आठवें ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हैं। कमिंस ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले छठे गेंदबाज भी बन गए हैं। वह ग्लेन मैक्ग्रा, मिचेल स्टार्क, डेनिस लिले, मिचेल जॉनसन और ब्रेट ली की सूची में शामिल हो गए हैं।

### कप्तान के तौर पर नौवीं बार झटके पांच विकेट

कमिंस ने कप्तान के तौर पर नौवीं बार एक पारी में पांच या इससे अधिक विकेट झटके हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा बार फाइव विकेट हॉल पूरे करने वाले कप्तान इमरान खान हैं जिन्होंने 12 बार ऐसा किया है। कमिंस और रिची बेनॉड नौ-नौ बार ये उपलब्धि हासिल कर इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

### छठे बार पांच विकेट झटके

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मैच की पहली पारी में फाइव विकेट हॉल पूरे किए। डब्ल्यूटीसी के मौजूदा चक्र में सबसे ज्यादा बार फाइव विकेट हॉल भी कमिंस के नाम हो गए हैं। उन्होंने छठी बार डब्लूटीसी 2023-25 चक्र में ऐसा किया।

### स्कोर बोर्ड

| अफ्रीका पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ऐडन मारक्रम बो स्टार्क | 00 | 06 | 0 | 0 |
| रिकल्टन का ख्वाजा बो स्टार्क | 16 | 23 | 3 | 0 |
| वियान मुल्डर बो कमिंस | 06 | 44 | 0 | 0 |
| बावुमा का लाबुशेन बो कमिंस | 36 | 84 | 4 | 1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो हेजलवुड | 02 | 13 | 0 | 0 |
| बेडिंघम का कैरी बो कमिंस | 45 | 111 | 6 | 0 |
| काइल वेरेने पगबधा बो कमिंस | 13 | 39 | 0 | 0 |
| यानसेन का एवं बो कमिंस | 00 | 03 | 0 | 0 |
| केशव महाराज रन आउट | 07 | 15 | 1 | 0 |
| रबाडा का वेबस्टर बो कमिंस | 01 | 06 | 0 | 0 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 57.4 ओवर में 13810
गेंदबाजी : स्टार्क 13-3-41-2, हेजलवुड 15-5-27-1, कमिंस 18.1-6-28-6, लियोन 8-3-12-0, वेबस्टर 3-0-20-0.

| ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लाबुशेन का वेरेने बो यानसेन | 22 | 64 | 2 | 0 |
| ख्वाजा का वेरेने बो रबाडा | 06 | 23 | 0 | 0 |
| ग्रीन का मुल्डर बो रबाडा | 00 | 02 | 0 | 0 |
| स्मिथ पगबाधा बो एनगिडी | 13 | 25 | 1 | 0 |
| ट्रेविस हेड बो मुल्डर | 09 | 18 | 1 | 0 |
| वेबस्टर पगबाधा बो एनगिडी | 09 | 11 | 1 | 0 |
| कैरी पगबाधा बो रबाडा | 43 | 50 | 5 | 0 |
| पैट कमिंस बो एनगिडी | 06 | 05 | 1 | 0 |
| मिचेल स्टार्क खेल रहे हैं | 16 | 47 | 0 | 0 |
| नाथन लियोन खेल रहे हैं | 01 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 19, कुल : 40 ओवर में 144/8
गेंदबाजी : रबाडा 11-0-44-3, यानसेन 12-3-31-1, मुल्डर 6-0-14-1, एनगिडी 9-0-35-3, महाराज 2-0-10-0.

## अकल्पनीय दर्द, दुखद... विमान हादसे से खेल जगत स्तब्ध



नई दिल्ली। अहमदाबाद में गुरुवार की दोपहर को एक बड़ा विमान हादसा हो गया। एयर इंडिया का एक बड़ा प्लेन अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद क्रैश हो गया। इस विमान में पायलट, क्रू मेंबर्स समेत कुल 242 लोग सवार थे। इस दुखद हादसे पर भारत के कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली समेत तमाम क्रिकेटरों और खेल हस्तियों ने संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

"अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के दुखद समाचार से मैं बहुत स्तब्ध और व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएं सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं जो अकल्पनीय दर्द और क्षति को सहन कर रहे हैं। ऐसे क्षणों में, शब्द बहुत अपर्याप्त लगते हैं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि प्रभावित लोगों को शक्ति, साहस और समर्थन मिलेगा। इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।"
- हरभजन सिंह

"बहुत ही ज्यादा दुखद और दर्दनाक खबर अहमदाबाद से है।"
- रोहित शर्मा

"आज अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश की खबर को सुनकर दुखी हूं। हादसे से पीड़ित लोगों और उनके परिवार के लिए प्रार्थनाएं करता हूं।"
- विराट कोहली

"आज अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना से बहुत दुखी हूं। यात्रियों, क्रू मेंबर्स और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं।"
- इरफान पठान

"अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे से बहुत दुखी हूं। पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं।"
- अजिंक्य रहाणे

"एयर इंडिया की फ्लाइट में सवार परिवारों और लोगों के लिए प्रार्थनाएं। दुर्घटना की खबर सुनकर मेरा दिल बैठ गया। प्रार्थना कर रही हूं।"
- सानिया मिर्जा

"अहमदाबाद प्लेन क्रैश की खबर दिल दहला देने वाली है। यात्रियों और क्रू सदस्यों की सलामती के लिए दिल से दुआएं। हर संभव राहत और चिकित्सा सहायता तत्काल पहुंचाई जाए।"
- विजेंदर सिंह

"बहुत ही दुखद घटना! पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना और प्रार्थनाएं।"
- पंकज आडवाणी

"अहमदाबाद से आ रही तस्वीरों को देखकर दिल टूट गया है। मेरी प्रार्थनाएं और संवेदनाएं इस घटना में शामिल सभी लोगों के साथ हैं। भगवान पीड़ित परिवारों को शक्ति प्रदान करें।"
- नीरज चोपड़ा

---

अद्वितीय उपलब्धि

## लगातार 35 घंटे गोल्फ खेल केलेची ने बनाया 'विश्व रिकॉर्ड'



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकार्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली।

केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। केलेची ने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था। एजीही ने इसके बाद पूरी प्रतिबद्धता दिखाई तथा बारिश, थकान और पैरों में दर्द के बावजूद हार नहीं मानी और आखिर में ब्रिटेन के आइजैक रोलैंड्स को पीछे छोड़ने में सफल रहे। उन्होंने कहा, 'मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि मैं विश्व चैंपियन हूं। यह एक ऐसा अवसर है जो बहुत से लोगों को नहीं मिलता। यह निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं भविष्य में अपने बच्चों और अपने पोते पोतियों को जरूर बताऊंगा।'

### 126 होल खेले

अपने दोस्तों, टॉर्च और अंधेरे में चमकने वाली गोल्फ गेंदों के साथ 27 वर्षीय एजीही ने रविवार को शाम लगभग 6:30 बजे हंटिंगटन क्रीसेंट क्लब में खेलना शुरू किया और मंगलवार सुबह 5:30 बजे के बाद अपना अंतिम पुट लगाया। इस बीच उन्होंने कुल 126 होल खेले।

### हर घंटे पांच मिनट का ब्रेक

गिनीज के नियमों के तहत उन्हें हर घंटे पांच मिनट का ब्रेक दिया गया। यही नहीं उन्होंने नियमों का पालन करते हुए हर राउंड के आखिर में 20 मिनट का ब्रेक भी लिया। लंदन स्थित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रवक्ता काइली गैलोवे ने कहा कि संस्था के विशेषज्ञों को सबूतों की समीक्षा करने और यह घोषित करने में 12 से 15 सप्ताह लगते हैं कि कोई रिकॉर्ड बनाया गया है या नहीं। उन्होंने कहा कि अभी किसी के भी नाम पर सबसे लंबे समय तक लगातार गोल्फ खेलने का रिकॉर्ड दर्ज नहीं है और जो कोई भी आवेदन करता है उसे कम से कम 24 घंटे खेलना चाहिए।

## विंबलडन ने की रिकॉर्ड 6.23 अरब रुपए की पुरस्कार राशि की घोषणा

एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन के मेजबान 'ऑल इंग्लैंड क्लब' के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड (लगभग 6.23 अरब रुपए) कर दी गई है। एकल वर्ग के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड (लगभग 34.93 करोड़ रुपए) की राशि मिलेगी।

यह रकम पिछले साल की तुलना में सात प्रतिशत और 3.5 मिलियन पाउंड अधिक है। यह 10 साल पहले इस 'ग्रास-कोर्ट' ग्रैंड स्लैम में प्रतियोगियों मिलने वाली राशि से दोगुना है। 'ऑल इंग्लैंड क्लब के अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा, 'हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि पिछले 10 वर्षों में हमने पुरस्कार राशि में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की है। हमने इस वर्ष पिछले आयोजन की तुलना में लगभग सात प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।' इस साल के पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को पिछले साल के पुरस्कारों की तुलना में 11.1% अधिक राशि मिलेगी। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 66,000 पाउंड (लगभग 76 लाख रुपए) मिलेंगे, जो पिछले साल की तुलना में 10% अधिक है।



सीसीपीएल

### बस्तर बायसंस ने 2 विकेट से जीता मैच

## बस्तर ने रायपुर को हराया, दूसरी बार शतक से चूके अमनदीप खरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन में गुरुवार को बस्तर बायसंस और रायपुर रायनोस के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ। रायपुर रायनोस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 187 रन बनाए।

टीम के कप्तान अमनदीप खरे ने 58 गेंदों में 91 रन की शानदार पारी खेली। अमनदीप इस सीजन में दूसरी बार शतक से चूक गए। वहीं अनुज तिवारी ने 57 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। जवाब में बस्तर बायसंस ने 19.5 ओवर में 8 विकेट खोकर 188 रन बनाकर मैच रोमांचक अंदाज में जीत लिया। शशांक चंद्राकर ने महज 47 गेंदों पर 10 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 93 रन बनाए। अनस खान ने भी 32 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। रायपुर रायनोस की ओर से अमित कुमार यादव ने 3 विकेट और श्रेयम सुंदरम ने 2 विकेट लिए। इस तरह बस्तर बायसंस ने 2 विकेट से मैच पर कब्जा जमाया।



### शशांक बने प्लेयर ऑफ द मैच

बस्तर बायसंस के बल्लेबाज शशांक चंद्राकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। शशांक ने सबसे ज्यादा छक्के लगाने का भी रिकॉर्ड बनाया, उन्हें मोस्ट सिक्सेस का पुरस्कार मिला। वहीं रायपुर रायनोस के कप्तान अमनदीप खरे को उनके बेहतरीन खेल के लिए ऑरेंज कैप से सम्मानित किया गया, जिसका पुरस्कार विजय शाह ने प्रदान किया।

## बाबर, रिजवान, अफरीदी टी20 टीम का हिस्सा नहीं

कराची। पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला में सीनियर खिलाड़ियों बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी को किसी भी तरह की भूमिका देने की संभावना से इनकार कर दिया है। आकिब जावेद, अलीम डार, अजहर अली और असद शफीक सहित पाकिस्तानी चयनकर्ता अगले सप्ताह वेस्टइंडीज और बांग्लादेश में होने वाली श्रृंखला के लिए टी20 टीम की घोषणा कर सकते हैं।

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER -I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
2ND & 3RD FLOOR, SANCHAR VIKAS BHAVAN (BSNL BUILDING),
NEAR HEAD POST OFFICE RESIDENCY ROAD,
JABALPUR -482001, MP.
DEMAND NOTICE
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/25/2025 27-05-2025
BANK OF INDIA
VERSUS
SOUMIYA AGENCY
To,
(CD 1) SOUMIYA AGENCY, B DILESHWARI NARAYAN, MIG-1, 23/08, JAWAHAR NAGAR, BHILAI, DURG (C.G.), DURG, CHHATTISGARH - 492002.
(CD 2) MRS. B DILESHWARI, MIG 23/8, JAWAHAR NAGAR, BHILAI, DIST-DURG (C.G.), DURG CHHATTISGARH - 490001.
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/677/2022 an amount of Rs. 2108911.63 (Rupees Twenty One Lakhs Eight Thousand Nine Hundred Eleven And Paise Sixty Three Only) along with pendentellite and future interest @ 10.15 % Simple Interest Yearly w.e.f. 25/05/2022 till realization and costs of Rs. 24000 (Rupees Twenty Four Thousands Only) has become due against you (Jointly and severally/ Fully/ Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 17/07/2025 at 10:30 a.m. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 27/05/2025.
Seal
Ms. Priti Desai
Recovery Officer-II
Debts Recovery Tribunal Govt. of India,
Ministry of Finance Jabalpur (M.P. & C.G. States)

## भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने किया गिल का बचाव

# 'कप्तान 1-2 महीने में नहीं बनते', शुभमन को दें मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद गिल युग की शुरुआत हो रही है। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई है। इस सीरीज की शुरुआत 20 जून से हो रही है। गिल को टेस्ट में कप्तानी का कोई अनुभव नहीं है, ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या गिल इंग्लैंड में कोई कमाल कर पाएंगे।

इस बीच भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने गिल का बचाव किया है। भज्जी ने कहा है कि शुभमन गिल को कप्तान के तौर पर उभरने के लिए समय लगेगा। टेस्ट सीरीज से पहले हरभजन सिंह ने गिल की तारीफ करते हुए कहा कि उनमें पूर्व कप्तानों की विरासत को आगे बढ़ाने की क्षमता है। युवा खिलाड़ी बल्लेबाज के तौर पर अपनी सफलता को कप्तानी में भी ट्रांसफर कर सकता है। उसे इस अवसर पर उभरने के लिए बस कुछ समय चाहिए। हरभजन ने कहा, हर कप्तान में विरासत को आगे ले जाने की क्षमता होती है। कप्तान 1-2 महीने में नहीं बनते।

आप गिल को कुछ समय दें, वह मौके पर खरे उतरेंगे और आप देखेंगे कि कप्तान के तौर पर वह कितने सक्षम हैं। हम उन्हें बल्लेबाज के तौर पर पहले ही देख चुके हैं कि वह 'गिल साहब दी ग्रेट' हैं। भज्जी ने कहा, हमें उम्मीद है कि भारत एक बार फिर इंग्लैंड की धरती पर अच्छा प्रदर्शन करेगा। शुभमन गिल और टीम इंडिया को शुभकामनाएं। यह एक युवा टीम है, लेकिन 'दम वाली टीम' है।



### 4-1 से जीती थी टी20 सीरीज

2024 में जिम्बाब्वे दौरे पर पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली गई थी। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने इस सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया था। गिल ने दिसंबर 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अपने करियर में अब तक 32 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान 59 पारियों में उन्होंने 35.05 की औसत और 59.92 की स्ट्राइक रेट से 1893 रन बनाए हैं। टेस्ट में गिल 5 शतक के साथ ही 7 अर्धशतक भी लगा चुके हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com